संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 06 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



कानपुर में गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जय घोष के साथ गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 154 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# बेंगलुरु भगदड़ मामले में आरसीबी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर

## इन पर आपराधिक लापरवाही का आरोप, हाईकोर्ट ने स्टेट्स रिपोर्ट मांगी, सुनवाई 10 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरुः** कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), DNA इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ FIR दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। FIR में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।' दरअसल, 4 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार IPL खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था।




### कोर्ट को बताया- 2.5 लाख लोग फ्री एंट्री सोचकर आए

**गुरुवार** को कर्नाटक हाईकोर्ट ने चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास हुई भगदड़ से संबंधित मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि हमने महाधिवक्ता के समक्ष अपनी बात रखी है। उन्होंने एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है, जिसे रिकॉर्ड में लिया गया है। रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस स्वतः संज्ञान को स्वतः संज्ञान रिट याचिका के रूप में पंजीकृत किया जाए। कोर्ट ने 10 जून, मंगलवार को याचिका को फिर से सूचीबद्ध करने के कहा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि हम सबसे पहले यह अनुरोध करना चाहेंगे कि कोई दोषारोपण न हो।

**आरसीबी प्रबंधन भी जांच के दायरे में:** बेंगलुरु हादसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रबंधन भी जांच के दायरे मे आ गया है।
दरअसल, एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ के कुछ घंटे पहले आरसीबी के सोशल मीडिया अकाउंट से विक्ट्री जुलूस का ऐलान किया गया था। उधर, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सीनियर अफसरों के रोल को भी जांचा जाएगा।
**स्टेडियम के बाहर 8 लाख लोग एकत्र थेः गृह मंत्री** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने दावा किया है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की आईपीएल 2025 जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में लगभग 8 लाख लोग एकत्र हुए थे। हालांकि, विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, यह संख्या 2 लाख से अधिक थी, जो स्टेडियम की क्षमता से कई गुना अधिक है। जिससे भारी भीड़भाड़ और अफरा-तफरी मच गई।
सीएम सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा था कि स्टेडियम के बाहर 3 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे।

### इतना बड़ा हादसा क्यों और कैसे हुआ

**स्टेडियम** में फ्री पास से एंट्री। पास आरसीबी की वेबसाइट से लेने थे। बुधवार को यह घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट विजिट करने लगे तो साइट क्रैश हो गई। पास पाने वालों के साथ ही बिना पास के लोग भी स्टेडियम पहुंचे। इससे भीड़ का अंदाजा नहीं हो सका। प्रारंभिक जांच के मुताबिक भीड़ ने स्टेडियम में घुसने के लिए गेट नंबर 12, 13 और 10 तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हल्की बारिश के बीच भगदड़ मच गई।
दोपहर लगभग 3:30 बजे भीड़ और बढ़ी तो सभी गेट बंद कर दिए गए। इससे पास वाले भी अंदर नहीं घुस पाए। हंगामा शुरू हो गया। गेट नंबर 10 पर स्थिति ज्यादा बिगड़ी। पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को पीछे धकेला, कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। सरकार ने कहा- 5 हजार सुरक्षाकर्मी थे, लेकिन भीड़ बहुत थी। इसलिए विक्ट्री परेड नहीं हो सकी। इनमें से ज्यादातर पुलिसकर्मी 36 घंटे से ड्यूटी पर थे। बेंगलुरू भगदड़ मामले में पुलिस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), ऊ्अ इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ FIR दर्ज किया है। FIR में आरोप लगाया कि आपराधिक लापरवाही की वजह से हादसा हुआ। पुलिस ने धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1 और 190 R/w 3(5) में केस दर्ज किया है। इसके तहत किसी सार्वजनिक आयोजन में सुरक्षा को लेकर बरती गई लापरवाही, क्राउड मिस-मैनेजमेंट और लोगों की जान जोखिम में डालने जैसे अपराध शामिल हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मरने वाली 15 साल की दिव्यांशी के परिवार ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने से पहले उन्हें करीब चार घंटे इंतजार करना पड़ा।



नई दिल्ली के इंदिरा भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ बैठक करते हुए।

## वक़्फ उम्मीद पोर्टल गैरकानूनी और अदालत की अवमानना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने केंद्र सरकार के 6 जून से शुरू हो रहे 'वक़्फ उम्मीद पोर्टल' को गैरकानूनी और अदालत की अवमानना बताया है।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस सरकारी कदम के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने गुरुवार क एक बयान में कहा कि संसद से पास कराया गया वक्फ कानून इस समय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सभी मुस्लिम संगठनों ने इसे खारिज कर दिया है।

## पीएम ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### पहले 400 इलेक्ट्रिक बसों दिल्ली में चलाई है...



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आज दिल्ली सरकार की पहल के तहत दो सौ देवी योजना की इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य सतत विकास और स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त इससे दिल्ली के लोगों के लिए 'जीवन की सुगमता' में भी सुधार होगा। इसके मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं और यह सतत विकास के प्रति भारत की सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री द्वारा समर्पित इलेक्ट्रिक बस में सफर के दौरान कहा कि दिल्ली सरकार सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहन लेकर आ रही है। दिल्ली सरकार ने देवी योजना के तहत पहले 400 इलेक्ट्रिक बसों को दिल्ली में चलाई है। पर्यावरण दिवस पर आज प्रधानमंत्री ने 200 इलेक्ट्रिक बसें दिल्लीवासियों के लिए समर्पित की हैं।
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विगत 02 मई को दक्षिणी दिल्ली के कुशक नाला डिपो से 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। उस समय पत्रकारों से मुख्यमंत्री ने कहा था कि दिल्ली सरकार इस साल के अंत तक 2080 और इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ने का लक्ष्य है।

## देश में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर हुए 4866



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 500 से ज्यादा नए मामले सामने आए। वहीं इस दौरान कोरोना से संक्रमित सात लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 564 नए मामले सामने आने के साथ देशभर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,866 हो गई है। इसी अवधि में कोरोना से संक्रमित सात लोगों की मौत हुई है। सात मृतकों में से तीन महाराष्ट्र से थे, जबकि दिल्ली और कर्नाटक में दो-दो मौतें हुई हैं। मरने वाले सात व्यक्तियों में से छह बुजुर्ग हैं और उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और निमोनिया जैसी पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। मृतकों में से एक पांच महीने का लड़का है जिसे सांस संबंधी समस्या थी। इस साल करोरोना के मामलों में उछाल चार वेरिएंट - एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी. 1.8.1 के कारण हुआ है। ए न.1.8.1 एक नया कोविड-19 सबवेरिएंट है जो भारत में पाया गया है। वायरस विकास पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के तकनीकी सलाहकार समूह ने इस वेरिएंट को 'मॉनिटरिंग के तहत वेरिएंट' के रूप में नामित किया है - जिसमें वायरस की विशेषताओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं लेकिन जिसका महामारी विज्ञान संबंधी प्रभाव अस्पष्ट है।

**कोरोना**

- 24 घंटों में 564 नए मामले सामने आने के साथ देशभर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,866 हो गई है।

## भारत में बनेगी राफेल की रीढ़, हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। इसके लिए फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है। भारत में पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में प्लांट लगाया जायेगा। दोनों कंपनियों ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के धड़ का निर्माण करने के लिए चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह प्लांट भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करेगा। साझेदारी के दायरे में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ



हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों का निर्माण करने के लिए अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित की जाएगी, जिसमें पीछे के धड़ के पार्श्व गोले, पूरा पिछला भाग, केंद्रीय धड़ और अगला भाग शामिल है। वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला धड़ खंड निकलने की उम्मीद है और हर महीने दो पूर्ण धड़ तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में एक निर्णायक कदम है।

### हैदराबाद में लगेगा प्लांट

भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के लिए यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के उत्पादन में योगदान देगी। हमारे समर्थन से गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास होगा। उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है।

## नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक करोड़ का इनामी चलम ढेर

**बीजापुर :** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सीसी मेम्बर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। बताया जा रहा है कि नरसिम्हाचलम मूलतः आंधप्रदेश के चिंतापालुदी का रहने वाला है। वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था। ऑटोमेटिक हथियार बरामद होने की खबर है। मुताबिक इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को अभियान पर रवाना किया गया था। दोनों ओर से हो रही मुठभेड़ में जवानों द्वारा एक नक्सली को मार गिराने व ऑटोमेटिक हथियार बरामद किये जाने की खबर मिल रही है। मुठभेड़ अब भी जारी है।

## पूर्वोत्तर में बाढ़, 11 दिन में 49 मौत, 25 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। असम में बुधवार को बाढ़ में दो और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 24 मई को मानसून आने के बाद से राज्य में अब तक 19 लोगों की जान गई है। 21 जिलों में 6.8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अरुणाचल प्रदेश में अब तक 12 लोगों की जान गई है, जबकि दो लोग लापता हैं। उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पिछले 11



दिनों में पूर्वोत्तर राज्यों में कुल 49 लोगों की जान जा चुकी है। इसमें असम में 19, अरुणाचल प्रदेश में 12, मेघालय और मिजोरम में 6-6, सिक्किम में 3, त्रिपुरा में 2 और नगालैंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इधर, मानसून अब भी महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर ही रुका है। यह 10 जून तक मध्य प्रदेश पहुंचेगा, हालांकि राज्य में बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को भोपाल, शाजापुर, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार और दमोह में बारिश हुई। राज्य में 6 जून तक बूंदाबांदी जारी रहने के आसार हैं। राजस्थान में भी बुधवार को कई जगहों पर आंधी-बारिश होने के साथ और ओले गिरे।

**आपदा**

- अरुणाचल प्रदेश में अब तक 12 लोगों की जान गई है, जबकि दो लोग लापता हैं।

**जागरुकता** *स्कूली बच्चों को छह लाख स्टेनलैस स्टील की बोतलें देने की घोषणा*

## मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीटरहॉफ, शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। इसका आयोजन पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के स्कूलों के विद्यार्थियों को पानी पीने की छह लाख स्टेनलैस स्टील की बोतलें प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार



पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय किए जा रहे हैं। प्लास्टिक के उपयोग से संबंधित नियमों को सख्ती से लागू किया गया है तथा जन जागरुकता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**प्रयास**

- विद्यार्थियों को पानी पीने की छह लाख स्टेनलैस स्टील की बोतलें प्रदान करने की घोषणा की।

इसके दृष्टिगत अनेक नवोन्मेषी पहल की जा रही हैं। प्रदेश में हरित आवरण को बढाने के लिए नवीन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। नई सौर ऊर्जा परियोजनाएं, ग्रीन कॉरिडोर, ई-वाहन तथा हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन सहित अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रीन कवर को बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार से ग्रीन बोनस की मांग की है ताकि राज्य के प्रयासों को संबल मिल सके। मुख्यमंत्री ने आज इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक चालान मोबाइल ऐप का शुभारम्भ भी किया। इस ऐप के माध्यम से प्लास्टिक के अवैध उपयोग पर अधिकारियों को पेपरलेस और त्वरित चलान की सुविधा उपलब्ध होगी। श्री सुक्खू ने पर्यावरण विभाग की लघु पुस्तकों का विमोचन भी किया।

## देशहित में काम करना पार्टी विरोधी नहीं: थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत सरकार के डेलीगेशन में अमेरिकी दौरे पर गए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को पार्टी विरोधी बयानबाजी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- जो लोग राष्ट्रहित में काम करने को पार्टी विरोधी गतिविधि मानते हैं, उन्हें खुद से सवाल करना चाहिए।
थरूर ने यह जवाब कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर दिया। उन्होंने कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते



हैं।थरूर इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता बताया। ट्रम्प पर थरूर बोले- भारत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। हमने पहले दिन कहा था कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा, तो हम और जोर से जवाब देंगे। और अगर वो रुक जाएगा, तो हम भी रुक जाएंगे।
ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दिया सख्त जवाब थरूर ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और ढङ्क में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर) :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।
उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।
डीसी ने कहा कि समाधान



शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें आजाद नगर निवासी सुरजीत ने गली बनवाने की समस्या रखी, मलिकपुर निवासी अमरजीत सिंह ने पीने के पानी की पाईपलाइन डलवाने की समस्या रखी, पोटली निवासी सतीश ने डब्लयूजेसी नहर पर पुल बनवाने की समस्या रखी, शक्ति कॉलोनी निवासी सतपाल ने कानूनी कार्यवाही करने बारे समस्या रखी, मानकपुर निवासी धर्मदेव ने स्पीड ब्रेकर लगवाने बारे समस्या रखी, चाऊवाला निवासी पवन कुमार ने पंचायती जमीन से नाजायज मिट्टद्दी उठवाने बारे समस्या रखी, बिलासपुर निवासी विमल कुमार ने आरओआई की सूचना न मिलने बारे समस्या रखी।

## अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का संकल्प लें: स्वीटी

**कुरुक्षेत्र :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा अमर कॉलोनी पिपली में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीटी रंगा ने विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज हम सबको अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि हमारा स्वास्थ्य ठीक रहे। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने जन्मदिन या विवाह की वर्षगांठ या परिवार में किसी भी शुभ अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण जरूर करना चाहिए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन, पुत्र ननके निवासी डब्ल्यूजेड-58, मिनी मार्केट, फतेह नगर, जनक पुरी, बी-1, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 173/2023 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 173/2023 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना जनक पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हरजोत सिंह ओजला**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11 दक्षिण - पश्चिम जिला**
**कोर्ट नं.05, द्वारका कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/7070/WD/2025**


# पुलिस लाइन में पौधारोपण, बाजारों में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में पौधारोपण, बाजारों में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटकों का मंचन करके प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरूआत की। बाजारों में दुकानदारों एवं राहगीरों को जूट के थैले वितरित कर प्लास्टिक का प्रयोग ना करने की अपील की। पुलिस लाइन में मेयर राजीव जैन, विधायक निखिल मदान, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, निगम आयुक्त हर्षित कुमार, डी सी पी हेड क्वार्टर नरेंद्र कादियान, अंडर ट्रेनिंग आई ए एस अतुल कुमार तथा निगम पार्षद नीतू दहिया ने पौधारोपण करके अपील की कि एक पेड़ माँ के नाम लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण की




अभियान को सफल बनायें। नगर निगम कार्यालय से प्लास्टिक मुक्त हरियाणा जागरूकता रैली की शुरूआत नगर निगम मेयर राजीव जैन एवं आयुक्त हर्षित कुमार ने झंडी दिखाकर की और कच्चे क्वार्टर तक रैली के साथ चले। रैली में पॉलीथिन भगाना है, घर से बैग लेकर जाना है, हम सबने थाना है, सोनीपत स्वच्छ बनाना है। रैली के समापन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें कचरा अलग अलग करने, सड़क पर कूड़ा ना फैलाने का संदेश दिया गया।
**राजीव जैन ने सभी को शपथ दिलवाई कि :-** "मैं पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की पूरी कोशिश करूंगा। मैं ऐसी आदतें अपनाऊंगा जिससे संसाधनों की कम से कम बबार्दी हो। मैं जो उपयोग कर चुका उसका पुनः उपयोग होगा। मैं सिंगल यूज सामग्री का उपयोग नहीं करूंगा। मैं प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का उपयोग करूंगा। मैं पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखूंगा। मैं कम से कम कचरा करूंगा। मैं ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाऊंगा, और पर्यावरण संरक्षण करूंगा।"
इस अवसर पर देवेंद्र सूरा ट्री मेन, पार्षद मंजीत सिंह, बिट्टू जैन, राजेश दहिया, सत्यनारायण मेहरा, नकिन मेहरा, शशिकांत भारद्वाज, मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सफाई निरीक्षक सतेंद्र दहिया, कृष्ण कुमार, सुंदर मलिक, सैंकड़ो महिला सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर-1, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का पूरा नाम | उत्तर रेलवे की सीएओ निर्माण (आरएसपी) इकाई के तहत उत्तर रेलवे के दिल्ली, अंबाला और फिरोजपुर डिवीजनों में आरओबी/आरयूबी कार्य के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। |
| 2. | लगभग कार्य की लागत | 29,58,26,277.84 रुपये मात्र (उनतीस करोड़ अठावन लाख छब्बीस हजार दो सौ सतहत्तर रुपये और चौरासी पैसे मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने की अवधि |
| 4. | बयाना राशि | 16,29,100/- रूपये मात्र (सोलह लाख उनतीस हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| 5. | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता। | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 04.06.2025 से 04.07.2025 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6. | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 04.07.2025, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.07.2025, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |

पत्रांक: 12/W/09/2025/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 04.06.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1665/25

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निविदा संख्या 46245074A के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम: SUPPLY OF ELECTRICAL INTER VEHICULAR COUPLER ASSEMBLY FOR 12 CAR MEDHA (MAE675V2)AC EMU RAKES CONSISTING OF END BASIC UNIT-1, END BASIC UNIT-2, MIDDLE BASIC UNIT 1 & MIDDLE BASIC UNIT-2 IV COUPLERS EXCLUDING (WITHOUT) JUMPER P AS PER ANNEXURE ATTACHED. (M/S HUBBER AND SUHNER OR M/S HARTING ONLY) | |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | 1,04,47,720/- |
| 3. | मात्रा | 01 Set |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समयः | 30-06-2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 30-06-2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणीः (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।
एनआईटी सं. 46245074A दिनांक :- 23.05.2025 1660/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** बीएमडी फाउंडेशन द्वारा गाँव सीगड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया।राज्य युवा पुरस्कार विजेता कर्मपाल यादव ने बताया कि 5 जून का दिन दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के तौर पर मनाया जाता है।प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। इस वर्ष की थीम है प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना रखी गई हैं।
विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं।
एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। पेड़- पौधे हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है जो हमें ऑक्सीजन के साथ-साथ ठंडी छाया भी देते हैं फल भी देते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की तरफ से शहर को स्वच्छ रखने के लिए सरकार के निदेर्शों पर मनाई जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की कड़ी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेक्टर 4 स्थित गुरु ब्रह्मानंद पार्क में आयोजित किए गए कार्यक्रम में नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन माफी ढांडा व भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष व युवा नेता साहिल सुधा ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माफी ढांडा व साहिल सुधा ने पार्क में पौधारोपण किया और लोगों को पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया। चेयरपर्सन माफी ढांडा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ जहां हमें स्वच्छ



हवा देते हैं वहीं हमें कई प्रकार के फल फूल औषधियां भी देते हैं इसलिए हमें पौधों की इस प्रकार से ही सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल करना भी उतनी ही जरूरी है जितना कि हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं। केवल मात्र पौधा लगाने से ही हमारी ड्यूटी पूरी नहीं हो जाती इसकी देखरेख भी करनी उससे ज्यादा जरूरी है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि अपने जीवन में पौधे जरूर लगाए। हमें अपने जन्मदिन पर अपनी सालगिरह पर या किसी भी शुभ अवसर पर हमें एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। क्योंकि जितने ज्यादा पेड़ पौधे होंगे उतनी ही स्वच्छ ऑक्सीजन हमें मिलेगी और हम बीमारियों से दूर रहेंगे।


## उत्तर मध्य रेलवे

**गति शक्ति, ग्वालियर**

**ई-टेण्डर क्रमांकः** DYCEGSUGWL0325 **दिनांकः** 03.06.2025

**ई टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर-II/गति शक्ति यूनिट, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती हैः-

**कार्य का विवरणः** बीना-झाँसी रेल सेक्शन के समपार संख्या 357 कि.मी. 1103/34-36 पर उपरिगामी सेतु के निर्माण के संबंध में।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागतः** ₹ 43.65 Crore | **निविदा बन्द होने की तिथिः 01.07.2025** |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह | |

- ऑनलाइन निविदा **दिनांक 01.07.2025 को 11.00 बजे** तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। **973/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर-I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमन्त्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का पूरा नाम | उत्तर रेलवे की सीएओ निर्माण (आरएसपी) इकाई के अंतर्गत लखनऊ और मुरादाबाद मंडलों में आरओबी/आरयूबी कार्य के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) |
| लगभग कार्य की लागत | ₹20,31,95,247.16 (रुपये बीस करोड़ इकतीस लाख पचानवे हजार दो सौ सैंतालीस और सोलह पैसे मात्र) |
| बयाना राशि | ₹11,66,000/- (रुपये ग्यारह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने की अवधि |
| रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 04.06.2025 से 04.07.2025 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबासइट पर 04.07.2025 को 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.07.2025 को प्रातः 11:30 बजे के बाद किसी भी समय |

सं.: 11/W/09/2025/WA/Dy. CE/C/RSP दिनांक: 04.06.2025 1660/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी के एस/ओ में शेष कार्य को पूरा करना अर्थात प्लेटफार्म 08 के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान, जंग लगी मेटाकलर शीट और वैली गटर का प्रतिस्थापन, ठंडे पानी की झोपडियों का प्रावधान और एएनवीटी में प्लेटफार्म 08 और 09 के लिए बैठने की क्षमता में वृद्धि और अन्य संबद्ध पैटी मरम्मत कार्य और आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर स्टाफ पार्किंग के पास एनआरएमयू शाखा कार्यालय का निर्माण। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹2,18,44,308.33 (रुपये दो करोड़ अठारह लाख चौवालीस हजार तीन सौ आठ और तैंतीस पैसे मात्र)। |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹2,59,200 /- (दो लाख उनसठ हजार दो सौ रूपये मात्र)। |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 00870320 20646203 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/12-2025-26/W-3 दिनांक: 05.06.2025 1669/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# किड्स प्लेनेट प्रेम स्कूल मे पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल ,सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र मे एक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और समाज को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि श्री रोहताश कुमार जी ने विशेष



रूप से शिरकत की।
उनके साथ नगर पालिका परिषद सेक्टर 3 के श्री दुष्यंत बक्शी, श्री बिट्टू मित्तल, श्री राजेंद्र सैनी, एम.सी. रिंकू सैनी, केवल कृष्ण जी , बलविंदर सिंह एवं नरेश कुमार जी सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## नीलामी सूचना

**सर्व** साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चटिया देवा खण्ड गन्नौर जिला सोनीपत द्वारा तालाबों को मत्स्य पालन के लिए मेन अड्डे वाले व बखे वाले व दो नए खुदे तालाबों को 8 वर्ष के लिए ठेके पर देने का फैसला लिया है। सरपंच मुकेश ने बताया कि दोंनो तालाबों का जिला मत्स्य अधिकारी व मुख्य कार्यकारी मत्स्य किसान विभाग द्वारा कीमत तय की जा चुकी है। और खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर को भी प्रस्ताव भेजा जा चुका है। ग्राम पंचायत द्वारा 11/ 6/ 2025 को सुबह 11 बजे जनरल चौपाल में बोली करने का निर्णय लिया है। बोली देने के इच्छुक समय पर पहुंचकर बोली दे सकते है बाकी शर्ते मौके पर बता दी जायेगी।
**मुकेश सरपंच ग्राम पंचायत चटिया देवा खण्ड गन्नौर जिला सोनीपत**

## बेदखली सूचना


**मै** जोकि कविता पत्नी संजय निवासी बाल्मीकि मोहल्ला गन्नौर तहसील गन्नौर ,जिला सोनीपत का निवासी अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि नकूल मेरा पुत्र है वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं नकूल को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

सत्यमेव जयते
EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT
एक भारत श्रेष्ठ भारत

# जम्मू और कश्मीर में प्रगति का नया दौर













## लगभग ₹44,000 करोड़
### की रेल परियोजनाओं का उपहार

## चिनाब ब्रिज
### (दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

## अंजी ब्रिज
### (भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

## 2 वंदे भारत ट्रेनों
### श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
के द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)

## भारतीय रेल

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें
www.indianrailways.gov.in
/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

# मुख्यमंत्री ने एम्स में 'धानुका वेटिंग हॉल' का लोकार्पण किया

□ दिल्ली के सभी जिलों में बनेंगे मिनी सचिवालय, द्वारका में मिनी सचिवालय के लिए स्थल चिह्नित

**सहूलियत**

□ उनके साथ आने वाले तीमारदारों को इंतजार के दौरान और अधिक सहूलियत मिलेगी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रमुख चिकित्सा संस्थान एम्स दिल्ली में अब इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके साथ आने वाले तीमारदारों को इंतजार के दौरान और अधिक सहूलियत मिलेगी। बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एम्स परिसर में बनाए गए नए वेटिंग हॉल का उद्घाटन किया। यह सुविधा खासकर उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जो लंबी प्रतीक्षा के दौरान बैठने और आराम करने की जगह की कमी से परेशान रहते थे। इस वेटिंग हॉल का निर्माण देश के प्रसिद्ध औद्योगिक समूह धानुका ग्रुप द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत कराया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धानुका ग्रुप के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा, सरकार और समाज जब एक साथ काम करते हैं, तभी विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना साकार होता है।

**देश का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान:** रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि एम्स दिल्ली देश का सबसे प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है जहां हर साल लगभग 5 लाख ओपीडी मरीज इलाज के लिए आते हैं।

उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर मरीजों की आमद के चलते यहां बुनियादी सुविधाओं का विस्तार आवश्यक था। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 से पहले एम्स में काफी अव्यवस्था थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में सुधार की दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं जिनका असर अब स्पष्ट दिखाई देता है।

**मरीजों और तीमारदारों के लिए राहत:** नया वेटिंग हॉल उन हजारों मरीजों और परिजनों के लिए राहत लेकर आया है, जो अस्पताल में घंटों इंतजार करते हैं। अब उन्हें खुले में बैठने या जमीन पर बैठने की मजबूरी नहीं होगी। वेटिंग हॉल में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ जल, हवादार और स्वच्छ वातावरण, और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे ना केवल मरीजों को आराम मिलेगा, बल्कि अस्पताल की भीड़भाड़ भी नियंत्रित होगी। मुख्यमंत्री के तहत किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए इसे सार्थक साझेदारी का उदाहरण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी पहलें न केवल सरकार के प्रयासों को मजबूती देती हैं बल्कि समाज में सहभागिता की भावना को भी बढ़ावा देती हैं। धानुका ग्रुप के प्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपनी प्रतिबद्धता जताई कि वे आगे भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में जनहितकारी कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह वेटिंग हॉल केवल एक इमारत नहीं है बल्कि यह उन लाखों लोगों के लिए एक सहारा है जो एम्स की ओर जीवन की उम्मीद लेकर आते हैं। एम्स दिल्ली में शुरू किया गया यह वेटिंग हॉल न केवल मरीजों और उनके परिजनों के लिए राहत की सांस है बल्कि यह एक उदाहरण भी है कि कैसे सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर स्वास्थ्य सेवा को और अधिक मानवीय और प्रभावी बना सकते हैं। यह पहल निस्संदेह आने वाले वर्षों में अन्य संस्थानों के लिए भी एक मॉडल प्रोजेक्ट बन सकती है।

## साकेत कोर्ट के लॉकअप में हत्या से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली :** दिल्ली के साकेत कोर्ट के अंदर बने लॉकअप में हत्या से हड़कंप मच गया है। साकेत कोर्ट के लॉकअप में दो अन्य कैदियों ने अमन नामक कैदी की हत्या कर दी। वे दोनों तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालती कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के साकेत कोर्ट लॉकअप के अंदर अमन नामक कैदी की हत्या हुई है। अन्य सह कैदियों पर अमन की हत्या का आरोप है। वे दोनों तिहाड़ जेल नंबर 8 में बंद थे और उन्हें अदालती कार्यवाही के लिए साकेत कोर्ट लाया गया था। वहीं, दक्षिण जिला पुलिस ने सीडीआर चौक पर हुई व्यवसायी अरुण लोहिया की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अवसर पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया।

## दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरूआत

**अभियान**

□ दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान का हुआ शुभारंभ

□ 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य, 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अगली पीढ़ी को 2070 के नेट जीरो लक्ष्य और 207 तक सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रेरित करना होगा। यह तभी संभव होगा जब हम प्रकृति से वैसा ही रिश्ता जोड़ें, जैसा मां से होता है। यह बात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को गोल मार्केट स्थित पीएम श्री केवी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। प्रधान ने बताया कि बीते वर्ष स्कूलों ने पांच करोड़ पौधे लगाए थे, इस वर्ष इनकी संख्या 10 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी से अपील की कि अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी सेल्फी ईको क्लब पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने इस दौरान एक पेड़ मां के नाम 2.0 माइक्रोसाइट, विशेष माड्यूल और ईको क्लब फार मिशन लाइफ वेब पोर्टल लांच किया, जो देशभर के 14.7 लाख स्कूलों में ईको क्लब गतिविधियों को ट्रैक करेगा। वहीं, मिशन लाइफ के तहत स्कूलों में बनाए गए इको क्लब छात्रों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक बनाएंगे। भारतीय परंपरा हमेशा प्रकृति के साथ सामंजस्य की बात करती है राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि भारतीय परंपरा हमेशा प्रकृति के साथ सामंजस्य की बात करती है, जबकि पाश्चात्य सोच प्रकृति पर विजय की।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की दिशा में पर्यावरणीय चेतना भी उतनी ही जरूरी है जितनी आर्थिक प्रगति। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि भावनात्मक और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का अवसर भी है।

## केजरीवाल ने पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई और स्वच्छता से ही देश को हरा-भरा बनाया जा सकता है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की रक्षा के लिए कम से कम एक छोटा कदम जरूर उठाए। पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें और साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पौधों से पर्यावरण संतुलित रहता है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़



लगाकर पर्यावरण को बचाएं। केजरीवाल ने सभी से प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पानी की बबार्दी रोकें, पेड़ लगाएं और जितना हो सके सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। हमें मिलकर अपने पर्यावरण को साफ, स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है।

## 60 वर्षीय महिला से दुष्कर्म के दोषी की सजा कम करने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 60 साल की बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म करने के दोषी को राहत देने से इनकार करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संगीन अपराध को देखते हुए सजा न तो अधिक है और न ही अनुचित। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ ने कहा कि घटना के समय अपीलकर्ता की उम्र 24 साल थी, जबकि पीड़िता 60 साल की थी। अदालत ने यह भी कहा कि पीड़िता के साथ अपराध तब किया गया, जब वह झुग्गी में अकेली थी और अपीलकर्ता नशे में था। अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने




वैज्ञानिक साक्ष्यों व अन्य तथ्यों के मद्देनजर उचित निर्णय पारित है और इसमें हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा कि विशेषज्ञ द्वारा किया गया डीएनए विश्लेषण स्पष्ट रूप से अभियोक्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि करते हैं। ऐसे में अभियोजन के तर्क न केवल सुसंगत है, बल्कि विश्वसनीय और स्वीकार्य साक्ष्य द्वारा भी इसकी पुष्टि की गई है। फरवरी 2018 में 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी अदालत ने अपराध की गंभीरता व रिकार्ड पर पेश किए गए तथ्यों को देखते हुए जेल में बिताई गई सजा के आधार पर सजा को कम करने की मांग खारिज की जाती है। याचिका के अनुसार अपीलकर्ता ने 10 जून 2017 को देर रात पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अपीलकर्ता दोषी को गिरफ्तार किया था।

## ऑटो-रिक्शा चालक की मौत पर एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को हैदराबाद के तेलंगाना में एक 35 वर्ष के ऑटो-रिक्शा चालक की मौत के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस महानिदेशक तेलंगाना को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पुलिस की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 13 मई को राजेंद्रनगर पुलिस स्टेशन में पुलिस द्वारा कथित तौर पर शारीरिक यातना दिए जाने के बाद एक 35 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित का अपनी पत्नी के साथ कुछ विवाद था।

## सेक्सटॉर्शन गिरोह का भंडाफोड़, वाट्सएप वीडियो कॉल रिकार्ड कर ऐंठते थे लाखों रुपये



**गिरोह**

□ साइबर थाना पुलिस ने राजस्थान से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया

□ क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन धमकाया और पीड़ित से कई बाद ऐंठे रकम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिला की साइबर थाना पुलिस ने एक सेक्सटार्शन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह वाट्सएप वीडियो कॉल के जरिये शिकार फंसाता था। अश्लील वीडियो दिखाकर पीड़ित का वीडियो रिकार्ड किया जाता और फिर उसे ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठे जाते थे। आरोपितों में राजस्थान के डीग जिला स्थित दनियालपुर गांव का वसीम व खालिद, महराइपुर गांव का जावेद शामिल है। डीग जिला के कई हिस्से मेवात क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जिस मामले की जांच करते हुए पुलिस आरोपितों तक पहुंची, उसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अज्ञात नंबर से वाट्सएप वीडियो कॉल आया, जिसमें एक अश्लील वीडियो दिखाया गया।

कॉलर ने उसे भी पकड़े उतारने के लिए उकसाया और उसका वीडियो रिकार्ड कर लिया। फिर एक व्यक्ति ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर धमकाया और वीडियो डिलीट करने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये लिए गए। फिर धमकी दी कि वीडियो में लड़की नाबालिग है और फोन सर्विलांस पर है। इसके बाद पहले ढाई लाख और फिर चार लाख रुपये की और मांग की गई। जो दे दिए गए।

**फिर बताया कि लड़की ने कर ली आत्महत्या, छह लाख रुपये और दो**

इसके बाद बताया गया कि लड़की ने आत्महत्या कर ली है और मामले को सुलझाने के लिए छह लाख रुपये और मांगे। उसे धमकी दी गई कि अब इस मामले को यदि समझौते से निपटाया नहीं गया तो हत्या की धारा में एफआईआर होगी। इस तरह14 लाख रुपये ठग लिए गए।

## मेवात से पकड़े गए सेक्सटार्शन गिरोह के बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तमाम तरह की कार्रवाई के बाद भी मेवात क्षेत्र से सेक्सटार्शन का गंदा खेल जारी है। ताजा मामले में पश्चिमी जिला की साइबर थाना पुलिस ने एक सेक्सटार्शन गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभी तक की छानबीन से पता चला है कि गिरोह के बदमाशों ने अभी तक 20 से अधिक लोगों को शिकार बनाया है। पीड़ितों को जाल में फंसाने का इनका तौर तरीका पुराना है। पीड़ितों को वॉट्सऐप वीडियो कॉल कर नकली अश्लील वीडियो दिखाते, उस वीडियो को रिकॉर्ड करते और फिर उसे ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो जाता। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्रवीर




ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में राजस्थान के डीग जिला स्थित दनियालपुर गांव का वसीम और खालिद, महराइपुर गांव का जावेद शामिल है। डीग जिला के कई हिस्से मेवात क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

**क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन धमकाया:** जिस मामले की जांच के क्रम में पुलिस आरोपितों तक पहुंची, उस मामले में शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसे अज्ञात नंबर से वाट्सएप वीडियो काल आया, जिसमें एक अश्लील वीडियो दिखाया गया। कॉलर ने पीड़ित को नग्न होने के लिए उकसाया और उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद, एक व्यक्ति ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़ित को धमकाया और वीडियो डिलीट करने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये मांगे। कालर ने यह भी धमकी दी कि वीडियो में शामिल लड़की नाबालिग है और पीड़ित का फोन निगरानी में है। बाद में एक बार और पहले ढाई लाख और फिर चार लाख रुपये की मांग की गई। जो शिकायकर्ता ने दे दिए।

**नई बात बताई कि लड़की ने कर ली आत्महत्या**

शिकायतकर्ता को पूरी तरह कब्जे में लेने के लिए उसे बताया गया कि लड़की ने आत्महत्या कर ली और मामले को सुलझाने के लिए छह लाख रुपये और मांगे। उसे धमकी दी गई कि अब इस मामले को यदि समझौते से निपटाया नहीं गया तो हत्या की धारा में प्राथमिकी होगी।

## जनकपुरी में दो जगह लगी आग, दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू

**नई दिल्ली:** बृहस्पतिवार को जनकपुरी थाना क्षेत्र के दो अलग अलग हिस्सों में आग लगने की घटना सामने आई। आग लगने से भले ही संपत्ति का नुकसान हुआ, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। पहले मामले में जहां दो वाहनों में आग लग गई वहीं दूसरे ममले में एक इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई। इन मामलों की जांच जारी है।

**सी 1 पर दो वाहनों में लगी आग:** आग लगने की पहली घटना जनकपुरी सी 1 लाल बत्ती के नजदीक पंखा रोड की है। यहां बेसहारा पशु को बचाने के चक्कर में एक कार चालक ने संतुलन खोया और कार आगे खड़ी आरटीवी से टकराई। कहा जा रहा है कि टक्कर से आरटीवी में लगा सीएनजी सिलेंडर लीक हुआ और आग लग गई। आरटीवी से आगे एक बस खड़ी थी। धीरे धीरे आग ने तीनों गाड़ियों को चपेट में ले लिया। इस बीच मामले की जानकारी मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। घटना में तीनों गाड़ियां आग की चपेट में आईं। कार पूरी तरह जल गई। आरटीवी भी जली। सबसे कम नुकसान बस को हुआ। जनकपुरी ए 2 ए में एक बुजुर्ग दंपती घर में रहते हैं। दिन में बुजुर्ग अपनी पत्नी को भूतल पर छोड़कर पहले तल पर गए।

वहां उन्होंने एसी आन किया तो उससे हल्की आवाज आई।

## तीस हजारी कोर्ट परिसर का कायाकल्प करेगा लोक निर्माण विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) जल्द ही तीस हजारी जिला कोर्ट का नवीनीकरण करने जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक अगले कुछ माह में कोर्ट परिसर में मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया जाएगा। इस परियोजना के तहत अदालतों, अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के चैंबर, शौचालय, गलियारों की मरम्मत की जाएगी। साथ ही कंटीली तार, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और दो नए पोर्टा केबिन बनाए जाएंगे। पूरी योजना पर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। एक अधिकारी ने बताया कि 10




कोर्टरूम और उनसे जुड़े चैंबर्स को नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इसमें छत की वाटरप्रूफिंग, फाल्स सीलिंग, खिड़की-दरवाजों का फर्नीचर कार्य, नई फ्लोरिंग शामिल हैं। कोर्ट परिसर के शौचालय भी दुरुस्त किए जाएंगे ताकि आगंतुकों और अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पीडब्ल्यूडी ने इस कार्य के लिए निविदा जारी कर दी है। अधिकारी के अनुसार काम के आवंटन की तारीख से तीन माह में यह परियोजना पूरी हो जाएगी। कोर्ट परिसर के एक्सटेंशन ब्लाक, जिसमें करीब 50 कोर्ट चैंबर हैं, उसके चारों ओर कंटीली तार लगाने का काम भी किया जाएगा।

## एसएससी की तैयारी कर रहा सिविल इंजीनियर लुटेरा गिरफ्तार

**सफलता**

□ उत्तरी जिला की तिमारपुर थाने की टीम ने एक ऐसे लुटेरे को गिरफ्तार किया है जो पहले उबर और रैपिडो बुक करता था और फिर कट्टे की नोक पर उनसे लूटपाट करता था



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तरी जिला की तिमारपुर थाने की टीम ने एक ऐसे लुटेरे को गिरफ्तार किया है जो पहले उबर और रैपिडो बुक करता था और फिर कट्टे की नोक पर उनसे लूटपाट करता था।

पुलिस ने इस गिरफ्तारी से लूट के दो मामले सुलझाने का दावा किया है। आरोपित की पहचान राजस्थान भरतपुर के जावेद उर्फ फरीद खान के रूप में हुई है, जो (सिविल इंजीनियरिंग) कर चुका है। इस वक्त मुखर्जी नगर में पीजी में रहकर एसएससी सीजीएल परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके कब्जे से एक कट्टा और 17 कारतूस, लूटी गई मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद हुए हैं है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, तीन जून को उबर चालक सोनू ने तिमारपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 31 मई की रात 1:30 बजे उबर मोटरसाइकिल से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां एक व्यक्ति ने गांधी विहार, तिमारपुर के लिए राइड बुक की थी। उस व्यक्ति ने उसे राइड कैंसल करने और बिना बुकिंग के चलने को कहा जिसके लिए उसने अतिरिक्त पैसे की पेशकश की। मना करने पर उस व्यक्ति ने स्वयं राइड कैंसल कर दी और उसे गांधी विहार जाने के लिए मना लिया। करीब 2:30 बजे गांधी विहार ड्रेन, योगराज कालोनी के पास सुनसान जगह पर उसने उसकी कमर पर कट्टा लगाया और दो हजार रुपये और मोटरसाइकिल लूटकर भाग गया। इसके बाद, एक जून को ऐसा ही एक और मामला तिमारपुर थाने में दर्ज हुआ, जिसमें शिकायतकर्ता से आरोपित पिस्टल की नोक पर 600 रुपये और मोबाइल लूटकर फरार हो गया।

### लूट के लिए दिया था कट्टा

कुछ महीने पहले उसने अपने दोस्त भरतपुर के राहुल से 35 हजार रुपये उधार लिए थे, लेकिन वह समय पर उसे चुका नहीं पाया। फिर, राहुल ने उसे अपराध करने के लिए उकसाया ताकि वह आसानी से पैसा कमा सके और लूटे गए सामान से उधार चुका सके। राहुल ने उसे एक कट्टा और 17 मुहैया कराया। फिर उसने बाइक राइडरों को लूटने की योजना बनाई। उसे यह पता था कि आनलाइन राइडर्स की लोकेशन ट्रैक की जाती है, इसलिए ऑनलाइन राइड बुक करने के बाद वह राइड कैंसल करने के लिए कहता था। दोनों ही घटनाओं में वह राइडर्स को गांधी विहार में एक सुनसान जगह पर ले गया और उनसे उनका सामान और नकदी लूट ली।

# विश्व युद्ध की काली परछाइयां

संजीव ठाकुर

> "ट्रंप के सत्ता में आने और युद्ध विराम की घोषणा और ट्रॅम्प पुतिन की गहन चर्चा,जेलेन्सकी को शांति की समझाइश के बावजूद वर्तमान युद्ध के परिदृश्य में और तेजी आई है,युद्ध के विराम की संभावनाएं धूमिल ही हुई है। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे है कि युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । ट्रंप की आधी अधूरी कोशिशें के बाद भी पुतिन-जेलेन्सकी युद्ध रोकने के लिए तैयार नहीं है ताजा स्थितियों के अनुसार यूक्रेन ने रूस के हवाई बेस कैंप के ऊपर हमला कर करोड़ों के फाइटर विमान को तबाह कर दिया है"

**भारत** ने आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध पहलगाम आतंकी हमले में 26 भारतीय निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान पर ताबड़तोड़ हमले किए थे और पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया है। भारत ने पाकिस्तान पर संयमित, अनुशासित हमला कर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया है वहां किसी नागरिक अथवा सैनिक अड्डों पर बमबारी नहीं की और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को कुछ समय के लिए पाकिस्तान के अनुनय विनय पर सिंधु जल समझौते तथा आतंकवादियों को वापस भारत भेजनें की शर्त पर चर्चा एवं शांति स्थापित करने के लिए स्थगित भी कर दिया है। वैश्विक परिदृश्यः- ट्रंप के सत्ता में आने और युद्ध विराम की घोषणा और ट्रॅम्प पुतिन की गहन चर्चा,जेलेन्सकी को शांति की समझाइश के बावजूद वर्तमान युद्ध के परिदृश्य में और तेजी आई है,युद्ध के विराम की संभावनाएं धूमिल ही हुई है। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । ट्रंप की आधी अधूरी कोशिशें के बाद भी पुतिन-जेलेन्सकी युद्ध रोकने के लिए तैयार नहीं है ताजा स्थितियों के अनुसार यूक्रेन ने रूस के हवाई बेस कैंप के ऊपर हमला कर करोड़ों के फाइटर विमान को तबाह कर दिया है। यह रूस के ही निवासी यूक्रेन के आत्मघाती हमदर्दों द्वारा किया गया है। अब रूस निश्चित तौर पर अपनी अस्मिता अपनी इज्जत बचाने के लिए यूक्रेन पर परमाणु हमला भी कर सकता है जिसके परिणाम स्वरूप पूरे विश्व में विश्व युद्ध की परछाइयां दिखने लगी हैं। अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है।

दूसरी तरफ इसराइल ने हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है।

इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं भारत ने तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप, अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अवार्चीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है भारत ने पाकिस्तान और चीन पर कभी अपनी तरफ से हमला नहीं किया पर उसे पर आक्रमण करने पर उसने कभी किसी को छोड़ भी नहीं है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया तथा विस्तार वादी नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया थो पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया थो इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली और इसके उपरांत भारत लगातार 'अहिंसा परमो धर्म' की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है कुछ एक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दियो और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुओ पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं कियो और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 77 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी गौतम बुद्ध और स्वामी विवेकानंद का देश है वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है भारत में सदैव संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलायो उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया थो यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है संयुक्त राष्ट्र संघ की अपने संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है. और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम, लागोस, मिस्त्र, सीरिया, लाइबेरिया, युगोस्लाविया, नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है संयुक्त राष्ट्र संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्थापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।



## संपादकीय

# डिजिटल क्रांतिः विचार अब प्रदर्शन नहीं, प्रस्तुतियाँ बन गए हैं

**आज** का भारत एक ऐसी धरती है, जहाँ क्रांति का रंग बदल चुका है। पहले जहाँ सड़कों पर नारे, धरने और अनशन व्यवस्था को चुनौती देते थे, वहीं अब स्मार्टफोन की स्क्रीन पर रील्स ने वह जगह ले ली है। एक मिनट की वीडियो, जिसमें हल्का-सा मजाक, थोड़ा-सा गुस्सा और ढेर सारा ड्रामा हो, लाखों लोगों तक पहुँचकर तहलका मचा देती है। सोशल मीडिया, खासकर रील्स, ने हर किसी को अपनी बात कहने का मंच दे दिया है। लेकिन इसी मंच ने एक अजीब-सी विडंबना को जन्म दिया है–रील्स से क्रांति ट्रेंड करती है, मगर रीयल में सवाल उठाने वाले को जेल की सैर करनी पड़ती है। यह विरोधाभास हमारे समाज, हमारी व्यवस्था और हमारे समय की सच्चाई को उजागर करता है। सोशल मीडिया ने क्रांति को लोकतांत्रिक बना दिया है। अब न तो किसी बड़े संगठन की जरूरत है, न विचारधारा की गहरी समझ की, और न ही लंबे भाषणों की। बस एक स्मार्टफोन, थोड़ा-सा अभिनय और एक ट्रेंडिंग ऑडियो ही काफी है। एक नौजवान, जो कभी मंचों तक नहीं पहुँच पाता था, आज अपनी रील्स के जरिए लाखों लोगों तक अपनी बात पहुँचा सकता है। शिक्षा, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा या सामाजिक अन्याय जैसे गंभीर मुद्दों को वह मजेदार डायलॉग, इमोशनल बैकग्राउंड म्यूज़िक और कैची कैप्शन के साथ पेश करता है। नतीजा? उसकी बात वायरल होती है, लोग तारीफ करते हैं, और वह रातोंरात स्टार बन जाता है। लेकिन यही बात अगर कोई सड़क पर उतरकर, पोस्टर लेकर या नारे लगाकर कहे, तो उसे पुलिस का डंडा, एफआईआर, या जेल का रास्ता दिखाया जाता है। आंकड़े इस विडंबना को और स्पष्ट करते हैं–2023 में भारत में विभिन्न विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 3,000 लोग गिरफ्तार किए गए, जिनमें से कई शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी थे (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो, 2023)। दूसरी ओर, उसी साल इंस्टाग्राम पर सामाजिक मुद्दों से जुड़ी रील्स को अरबों बार देखा गया, और उनमें से ज्यादातर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ट्रेंड करती रहीं। यह अंतर सिर्फ. माध्यम का नहीं, बल्कि समाज की मानसिकता का भी है। रील्स में मुद्दों को "पैकेज" किया जाता है। एक मिनट की क्लिप में हल्का-सा हास्य, थोड़ा-सा गुस्सा और ढेर सारी नाटकीयता डालकर उसे मनोरंजन का रूप दे दिया जाता है। लोग उसे देखते हैं, लाइक करते हैं, शेयर करते हैं, और फिर भूल जाते हैं। लेकिन जब वही मुद्दा सड़क पर, संसद के सामने या किसी धरने में उठाया जाता है, तो वह व्यवस्था के लिए खतरा बन जाता है। सवाल उठाने वाले को "देशद्रोही," "अराजकतावादी," या किसी विचारधारा का एजेंट करार दे दिया जाता है। उदाहरण के लिए, 2020-21 के किसान आंदोलन में लाखों लोग सड़कों पर उतरे, लेकिन उनकी आवाज को दबाने के लिए न केवल बल प्रयोग किया गया, बल्कि 700 से ज्यादा किसानों की जान गई (इंडियन एक्सप्रेस, 2021)। वहीं, सोशल मीडिया पर किसानों के समर्थन में बनी रील्स को करोड़ों व्यूज मिले, और उनके क्रिएटर्स को ब्रांड डील्स तक ऑफर हुए। यहाँ सवाल यह है कि क्या रील्स वास्तव में क्रांति ला रही हैं, या सिर्फ. मनोरंजन का नया रूप बन रही हैं?

## कविता

### "ये हरियाली की तस्वीरें झूठी हैं"

पौधे उगते हैं अब केवल स्टेटस की जुबानों में,
धूप तप रही है सच में, साया है अफसानों में।

हरियाली की तस्वीरों पर वाह-वाह तो होती है,
पर काटे जाते हैं जंगल सत्ता के फरमानों में।

धरती माँ का आँचल तो अब रियल में तार-तार है,
"सेव अर्थ" लिखा मिला बस बच्चों के इम्तहानो में।

गमलों में तुलसी पूजें, पर बंजर छोड़ें खेतों को,
कैसे भरोसा कर लें हम इन काले इरादों में?

भाषण की धूप बहुत तेज है, आँखें अब जलती हैं,
सच के पौधे मुरझा जाते हैं नकली सावानों में।

तस्वीरों में वृक्ष खड़े हैं, असल में बस बिल्डिंग है,
हर पेड़ गिरा है सत्ता की योजनाओं के नामों में।

पर्यावरण दिवस है आज, मंचों पर है शोर बहुत,
कल फिर एक पार्क कटेगा नेता के निवासों में।

डॉ. सत्यवान सौरभ

# बारिश के पानी में डूबते शहरों को कैसे बचाएं

रोहित माहेश्वरी

**केरल** के बाद मुंबई समेत महाराष्ट्र में भी मानसून दस्तक दे चुका है। हर साल बरसात के मौसम में कई महानगरों और शहरों में कुछ घंटे की तेज बारिश के बाद विकास धुल जाता है और अव्यवस्थाओं की असली तस्वीर जनता को मुंह चिढ़ाती है। जनता टैक्स भरती है, लेकिन उसके बदले हर साल बारिश में कहीं सड़क बह जाती है। कहीं सब वे डूबने लगता है। कहीं रेल की पटरी के नीचे से जमीन खिसक जाती है और कहीं नाले-नाली-रोड के बीच फर्क खत्म हो जाता है। बीती 25 मई की सुबह दिल्ली में कुछ ही घंटों में 81.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह बारिश 1901 के बाद राजधानी में सबसे ज्यादा बारिश वाला मई महीना रहा। नतीजा, दिल्ली का मिंटो रोड अंडरपास, जो शहरी बाढ़ की समस्या का प्रतीक है, एक बार फिर पानी में डूब गया। इसी तरह, मुंबई ने 26 मई को मई में सबसे ज्यादा बारिश का 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई में बाढ़ इतनी भयंकर थी कि सिर्फ. सड़कें और गलियां ही नहीं, बल्कि एक्वा लाइन पर हाल ही में शुरू हुआ भूमिगत मेट्रो स्टेशन भी बारिश के पानी से भर गया। गुवाहाटी में असमय मूसलाधार बारिश के कारण घरों और अपार्टमेंट्स में पानी भर गया। पेट्रोल पंप, एटीएम, सड़कें, बाजार और मंदिर जलमग्न हो गए, जिससे सीजन की पहली बरसात में ही शहर तालाब बन गया। दिल्ली और मुंबई के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से कुछ दिन पहले, 21 मई को दक्षिणी कर्नाटक में कम दबाव की प्रणाली से हुई भारी बारिश ने बेंगलुरु के निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया था। क्या आपने कभी सोचा है कि बारिश मामूली हो या भारी, जलभराव की स्थिति कैसे बन जाती है? ?गभग हर शहर में जल निकाली को लेकर लाखों करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। सीवेज लाइन, नालियां बनाई जाती हैं। इसपर मोटी रकम खर्च होती है और दावा होता है कि बारिश में जलभराव की स्थिति नहीं होगी, लेकिन शुरूआत से ही जल निकासी की सुविधा बेहद कमजोर होती है। बिना मानक, स्ट्रक्चरल ज्ञान के ही जहां मन होता है, वहीं से जल निकासी की सुविधा दे दी जाती है। फौरी तौर पर भले ही ये काम आ जाए, लेकिन लॉन्ग टर्म इसका सही प्रयोग नहीं हो पाता है। फिर एक समय आता है जब ये जल निकासी की सुविधा पूरी तरह से फेल हो जाती है। समस्या का मुख्य और तात्कालिक कारण बेशक लगातार बारिश है, जो एक प्राकृतिक कारक है। लेकिन जो चीज वास्तव में भारी बारिश को भारतीय शहरों में शहरी अराजकता और खतरे में डालती है, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में देखा गया, वह मानव-प्रेरित कारकों का मिश्रण है जो इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के पैटर्न में काफी बदलाव आया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत भर में शहरी बाढ़ की समस्या अ?बढ़ गई है।

## विचार

# सरेंडर ' मोदी या फिर ' केलेंडर' मोदी ?

राकेश अचल

**मोदी** शब्द को लेकर लिखने या बोलने से पहले मुझे सौ बार सोचना पडता है। लेकिन लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता मोदी का नाम लेने पर लोकसभा की सदस्यता छीने जाने के बाद भी नहीं सुधरे। न सुधरने को आप निडरता भी कह सकते हैं और हठ भी। हठी तो मोदी जी भी कम नहीं हैं। दोनों की रीति न सुधरने के मामले में एक जैसी है। यानि ' प्राण जाएं पर 'हठ 'न जाई' जैसी मुझे आज लिखना था बेंगलूर में हुई भगदड पर लेकिन लिख रहा हूँ. मोदी और राहुल गांधी पर भगदड में मौतों के लिए हम अभिशप्त हैं। हमें अभी तक भीड को नियंत्रित करना, आपदा प्रबंधन करना नहीं आया। भगदड में दिवंगत हुए निर्दोष क्रिकेट प्रेमियों के परिजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। इससे ज्यादा न राज्य की सरकार कुछ करेगी और न समाज बात राहुल गांधी की है। राहुल गांधी अब बाबा नहीं बाबू बन चुके हैं। लगातार 11 साल विपक्ष में रहने के बाद भाजपा की भाषा सीख गए हैं। राहुल गांधी ने भोपाल में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के लिए जो शब्द पर्यायवाची के रुप में इस्तेमाल किया है उसेझसुनकर पूरी भाजपा और मोदी भक्तमंडल सदमें में है। किसी को उम्मीद न थी कि राहुल गांधी मोदी के गर्म सिंदूर से भी भारी जुमला गढ लेंगे। राहुल ने आपरेशन सिंदूर के बादक्षरहस्यमय तरीके से हुए सीजफायर के बाद कहा कि मोदी जी ' नरेंदर मोदी नहीं बल्कि अब सरेंडर मोदी बन गये हैं। भाजपा ने राहुल के जुमले को मोदीजी के साथ ही भारतीय सेना का अपमान मान लिया है, और राहुल गांधी पर पिल पडे हैं। जुमले गढना और सटीक जुमले गढना आसान काम नहीं है। जुमलों को आप व्यंग्य विधा का ड्रोन कह सकते हैं जो यदि सटीक बैठ जाए तो बडे से बडे फाइटर को चित कर सकता है। मै चूंकि खुद एक तुकबंद हूँ इसलिए इस विधा की ताकत को जानता हूं। स्थापित साहित्यकार इसे तुकबंदी कहते हैं। ये नोटबंदी से बिल्कुल अलग विधा है। पिछली 12मयी को माननीय मोदी जी ने जब मोदी की रगों में खून नहीं गर्म सिंदूर दौडने का जुमला गढा तो वे हंसी के पात्र बन गये थे क्योंकि उनके जुमले में ऐसी तकनीकी खामी थी जिसे विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि आम आदमी आसानी से पकड सकता था। मोदीजी पकडे भी गए, क्योंकि रगों में सिंदूर दौडने की बात आम हिंदुस्तानी ने प ली बार सुनी थी, जो पूरी तरह अवैज्ञानिक भी थी। लेकिन राहुल का जुमला सटीक साबित हुआ। प्रधानमंत्री जी को राहुल गांधी के नये जुमले पर नाराज होने के बजाय मुस्कराना चाहिए और अपने जुमला लेखकों को राहुल से बेहतर जुमला गढने का फरमान जारीकरना चाहिए। राहुल का नरेंदर बनाम सरेंडर वाला जुमला मर्मभेदी साबित हुआ। साबित इसलिए हुआ क्योंकि देश ने एक जननायक को एक अमरीकी खलनायक के सामने सरेंडर करते देखा। ये सरेंडर हमारी सूरवीर सेना का सरेंडर नहीं था। सेना ने तो मक्तहस्त होते ही पाकिस्तान में भुस भर दिया था। सेना को पाकिस्तान के दैबारा टुकडे करने से अचानक रोका गया। यानि सरेंडर सेना ने नहीं अपितु सेना की वर्दी पहनकर फोटो सूट कराने वालों ने किया। कहते हैं न कि खिसिया बिल्ली खंभा नोचती है, वैसा ही अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्ढा समेत उनकी पूरी पार्ट कर रही है। नड्ढा ने राहुल गांधी द्वारा माननीय मोदीजी को 'सरेंडर मोदी' कहे जाने के जबाब में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाधी को सरेंडर इंदिरा कहा। वे ऐसा कह सकते हैं क्योंकि उन्हे 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध का इतिहास पता ही नहीं है। वे नहीं जानते कि तब युद्ध पूरे 19 दिन चला था और पाकिस्तान के न सिर्फ दो भाग हो गए थे बल्कि तब के युद्धविराम के बाद भारतीय सेना के हाथों में पाकिस्तान के 90 हजार सैनिक थे। जिन्हे लिखित आत्मसमर्पण के बाद दरियादिली दिखाते हुए रिहा किया गया था। नड्ढा जी को बताना चाहिए कि 2025 के 10 मयी को हुए युद्धविराम के बाद हमारी सेना के हाथ खाली क्यों हैं? नड्ढा जी को बताना चाहिए कि 1971 के युद्ध विराम के बाद भारत पाकिस्तान को किसी नये समझौते के लिए मजबूर क्यों नहीं किया जा सका? शिमला समझौता अगर भाजपा को इंदिरा गांधी की भूल लगती है तो इसे 10 मयी 2025के युद्धविराम के बाद नया समझौता कर सुधारा क्यों नहीं गया? विपक्ष ने सरकार को रोका तो नहीं था। रोक तो अमेरिका ने लगाई, जिसके खिलाफ आज 5 जून 2025 तक महावीर, विश्वगुरू माननीय प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी जी का मुखारविंद नहीं खुला। मै सच कहता हूँ कि यदि माननीय मोदी जी इसी तरह मौनव्रत रखेंगे तो उन्हें लेकर विपक्ष रोज नये जुमले गढेगा। आज सरेंडर मोदी कहा है, कल कुछ और कहेगा। इसलिए महोदय मुँह खोलिये, देश को सच्चाई से रुबरू कराइए। अपनी बाडी लेंग्वेज बदलिए, अन्यथा आज कनाडा ने बहिष्कार किया है कल कोई और करेगा और परसों कोई और भारत की मान प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिलने से बचाइए गंगापुत्र!


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ढोंगी ढकोसलों का दरबार

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**गाँव** की चौपाल पर उस दिन बड़ी हलचल थी। लोग कह रहे थे–"गंगाराम अब संन्यासी बन गया है।" वही गंगाराम जो पहले गालियाँ देता था, बीड़ी सुलगाता था और थूकने में भी धर्म खोज लेता था। उसने अब भगवा पहन लिया था, और माथे पर तिलक ऐसा खींचा कि सीधा शिव जी के गले से निकलकर कैलाश तक पहुँच जाए। उसके चेहरे पर वैराग्य का ऐसा नकली पेंट था कि जो रोशनी में देखने पर भी असली लग जाए। अब वो हर वाक्य के बाद 'बोलिए श्रीराम!' कहता था, और बीड़ी की जगह तुलसी की माला जपता था। गाँव की औरतें अब उसे 'बाबा जी' कहतीं और वो अपना पेट अंदर खींचकर कहता–"अरे, सब माया है माया।" जबकि माया तो उसके बगल में बैठी वो विधवा थी, जो उसके वैराग्य में रात का राग ढूंढ रही थी। बाबा गंगाराम ने शहर में एक आश्रम खोल लिया। नाम रखा–'शाश्वत आत्ममुक्ति केंद्र'। हर इतवार को सत्संग होता, जिसमें भक्तजन अपने पापों का विसर्जन चाय और नमकीन के साथ करते। बाबा जी के प्रवचनों में गीता कम, गप ज्यादा होती। लेकिन चूंकि उन्होंने भाषण में तीन बार 'द्रौपदी' और पाँच बार 'कृष्ण' का नाम लिया था, तो लोग समझते कि वो तो साक्षात वेदव्यास के वंशज हैं। बाबा हर बार कहते, "संसार रूपी नारी का वस्त्र जब खिंचता है, तभी धर्म डगमगाता है।" और पीछे से लाइट बंद करके किसी भक्तिन का मोबाइल नंबर सेव कर लेते। फेसबुक पर बाबा जी की प्रोफाइल पर लिखा था–"एक्स-सिनर टर्न्ड सेंट। लाइव्स इन साइलेंस। लिसन्स टू सोल।" और डीपी में उनका एक चित्र था जिसमें वे मोरपंख के नीचे आँखें मूँदकर बैठे थे, लेकिन उसी चित्र के पीछे मंदिर की दान पेटी में नजर घुसाए एक बच्चा भी दिख रहा था, जिसे सबने इग्नोर कर दिया। भक्तों के लिए बाबा जी की बायो से ज्यादा महत्त्वपूर्ण उनकी बायोडाटा थी–'बाबा जी विदेश में भी प्रवचन दे चुके हैं।' और वो विदेश असल में नेपाल था, जहाँ वे शादी में भोंपू बजा रहे थे, पर फोटो को सत्संग कहकर अपलोड कर दिया गया। एक दिन गाँव में एक नाटक हुआ–"ढोंगियों का धंधा"। नाटक के अंत में गंगाराम जैसे ढोंगी बाबा की पोल खुलती है, तो लोगों ने खूब ताली बजाई।

# टीएमयू इग्नाइट में हुनर के रंगों की बारिश

**तीर्थंकर** महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी की ओर से वार्षिक युवा सांस्कृतिक महोत्सव इग्नाइट-2025 में नर्चर नेचर में आर्यन चौहान, इंडियन लिगेसी सेगमेंट में मानवी कश्यप विजेता रहे। गायन में ऋषभ कश्यप ने माये थीम पर अपने मूल रैप के लिए विजेता घोषित किए गए। आर्यन चौहान को सांप की भावपूर्ण भूमिका, जबकि मानवी कश्यप ने सोने की चिड़िया के लिए जीत हासिल की। अथर्व वर्मा और उनके बैंडमेट्स देव (ड्रम) और मनु ने कीज पर एक विशेष बैंड प्रदर्शन करके मेहमानों और मेजबानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के एचओडी डॉ. शंभू भारद्वाज, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, कल्चरल कोऑर्डिनेटर मिस स्वाति चौहान आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके इग्नाइट 2025 का ऑडी में शुभारम्भ किया। सांस्कृतिक महोत्सव की थीम प्रकृति और भारतीय विरासत का पोषण रही। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। संचालन स्टुडेंट्स जिया सिंह, आशीष उपाध्याय एंड टीम ने किया। इग्नाइट 2025 में प्रकृति और भारतीय विरासत का पोषण थीम पर स्टुडेंट्स ने विभिन्न जीवंत प्रस्तुतियां दीं। स्टुडेंट्स अतिशय और हर्षित ने महाभारत युद्ध नाटक के जरिए शास्त्रीय विषयों को मजबूत भावों के साथ प्रदर्शित किया। स्टुडेंट्स इशिका और पलक की ओर से एक युगल शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें लावण्य, लय और परंपरा का अद्भुत मिश्रण था। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी बोले, इग्नाइट का उद्देश्य स्टुडेंट्स के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने बताया, इग्नाइट केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह शब्द प्रौद्योगिकी से जुड़ा है, जो इंजन शब्द से जुड़ा है, जो गति और चिंगारी का प्रतिनिधित्व करता है। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में डॉ. हिना हाशमी, डॉ. प्रदीप कुमार शाह, डॉ. प्रीति रानी आदि शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला उपयुक्त यमुनानगर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राण वायु देवता पेंशन योजना के तहत 507 वृद्ध वृक्षों की पेंशन की दूसरी किस्त की जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)- विश्व** पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला उपयुक्त यमुनानगर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हरड के वृक्ष का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्राणवायु देवता पेंशन योजना के तहत जिले के 507 वृद्ध वृक्षों की पेंशन की दूसरी किस्त जारी की।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही प्राण वायु देवता पेंशन योजना के तहत जिले के 507 वृद्ध वृक्षों को 3 हजार रुपये प्रति वर्ष पेंशन की दूसरी किश्त जारी की गई। प्राण वायु देवता पेंशन योजना में चयनित वृक्ष सूर्यकुण्ड मन्दिर, गांव अमादलपुर में बेल पत्र व आम व छछरौली के खानपुरा पंचायत में पिलखन के वृक्षों की पूजा अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव द्वारा की गई। जिसमें वन मण्डल अधिकारी कुमारी सुखपाल कौर व वन विभाग के कर्मचारी, सरपंच प्रतिनिधी संजीव सैनी, नम्बरदार, छछरौली व अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक साथ आने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर एस.डी.एम. बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, एस.डी.एम. छछरौली रोहित कुमार, एस.डी.एम. रादौर नरेन्द्र कुमार, डीएफओ सुखपाल कौर द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चुनाव गुलशन कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, आरएफओ संजीव कश्यप व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब हांसी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण




**हांसी ( दिनकर गावड़ी )**:झ लायंस कल्ब द्वारा पंचायती रामलीला ग्राउंड में पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस महोत्सव मनाया गया। लायन सुरेश बंसल ने बताया कि लायंस कल्ब द्वारा 21 जून को योगा प्रोजेक्ट व 26 अगस्त को गोविंद गोयल व लक्ष्मीनारायण के सहयोग से लायंस सेवा सदन में सफेद मोतियाबिंद का चेकअप व ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर लायंस प्रधान दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, जुगल किशोर, अशोक भुटानी, नरेश लीखा, अशोक जुनेजा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पीआरपीसी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस बहुत उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत वर्ष-2025 के विषय ह्ल"प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करें झ #प्लास्टिकप्रदूषणकोहराएं" को केन्द्रित करते हुए तथा साथ ही इंडियन ऑयल की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए आज पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बड़े उत्साहपूर्वक एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया गया ।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एव रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा पीआरपीसी के सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ हुई। इस कार्यक्रम में श्री अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), श्री चूरामन, कार्यकारी निदेशक (परियोजना) एवं श्री ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के के दौरान अपने सम्बोधन मे, श्री डहरीया ने विशेष रूप से विश्व पर्यावरण के थीम पर तथा कार्बन उत्सर्जन कम करने एवं जल संरक्षण हेतु पीआरपीसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

# एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..(रणबीर खटक)**.....पुलिस अधीक्षक सिरसा डॉ.मयंक गुप्ता ने बरनाला रोड़ स्थित पुलिस लाइन में पंहुकर औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण दौरान लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं व आवासीय परिसर में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए । यातायात व एमटी शाखा का निरीक्षण कर वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों, उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली । पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा उपरांत गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित को अभिलेखों के देख-रेख एवं कुशल संचालन के लिए निर्देशित किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लाइन परिसर में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए वाहनों को भी व्यवस्थित ढंग से खड़े करने के निर्देश दिए ।

पुलिस अधीक्षक ने कहा की पुलिस लाइन की सभी शाखाओं में पानी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए तथा लाइन में बने टॉयलेट की नियमित रुप से सफाई होनी चाहिए । उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन । पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण पुलिस लाइन की कार्यप्रणाली और सुविधाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है कदम है । इससे पुलिस विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और वे अपनी ड्यूटी का अच्छी तरह से निर्वहन कर पाएंगे । एसपी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि लाइन परिसर में उगी घास और झाड़ियों को काटा कर पुराने कचरे को हटाएं व अपने कार्य स्थलों की व्यवस्थित ढंग से साफ-सफाई करें । उन्होंने कहा कि सफाई से परिसर की सुंदरता बढ़ी,बल्कि पुलिसकर्मियों में एक नई सकारात्मक ऊर्जा आएगी । उन्होंने कहा कि साफ सफाई से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है,बल्कि इससे मनुष्य का मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है । उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर एक सकारात्मक माहौल तैयार करता है जो कार्य कुशलता को भी बढ़ता है,जिससे काम करने की क्षमता भी बढती है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हैः खैरवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला महेंद्रगढ़ में स्वच्छता अभियान और एक पेड़ माँ के नाम की शुरूआत भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन खैरवाल की अध्यक्षता में हुई।पवन खैरवाल ने कहा कि देश दुनिया के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि आज एक पेड़ माँ के नाम पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस,आपातकाल के काले अध्याय का 50 वर्ष इन कार्यकर्मो के प्रदेश संयोजक जवाहर सैनी और सहसंयोजक अभिमन्यु यादव को जिम्मेदारी मिली। उन्हीं के नेतृत्व में इस अभियान को लगातार आगे चलाया जाएगा और हर गली मोहल्ले की साफ सफाई की जाएगी। जिसमें सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एवं आम जनमानस भागीदारी रखकर इस अभियान को पूर्णता की तरफ लेकर जाएंगे।पवन खैरवाल ने बताया कि हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की सरकार द्वारा एक थीम रखी जाती है और 2025 कि सरकार द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना रखी गई हैं।

### सहेली के मामा ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ 5 जून:-** डीसीपी सृष्टि गुप्ता द्वारा पदभार संभालने के बाद महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और महिला विरुद्ध अपराधों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सेक्टर-10 चौकी की टीम ने सब इंस्पेक्टर गुरपाल सिंह के नेतृत्व में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी में 42 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामला 2 जून 2025 का है, जब मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक महिला, जो चंडीगढ़ में किराये के मकान में रहकर पंचकूला में एक घर में

# फिरोजपुर झिरका के एसडीएम ने किया पेड़ लगाने का आह्वान



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** आज पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण दिवस के मौके पर एक्शनएड एसोसिएशन, मेवात कारवाँ जनसंगठन एवम ग्राम पंचायत बघौला के संयक्त तत्वधान में एक आयोजन किया गया । जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर फिरोजपुर झिरका से एसडीएम लक्ष्मी नारायण पहुचे ।

पर्यावरण के प्रति आम आदमी को जागरूक करने और लोगों में पेड़ पौधों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया । वही विशिष्ट अतिथि पंचायत के सरपंच हाजी गनी एवम प्रसिद्ध समाजसेवी एवम नवाब शमसुद्दीन सद्भावना मंच के अध्यक्ष इस्माईल प्रधान रहे । मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबंधित करते हुए एस डी एम लक्ष्मी नारायण ने कहा कि बेमौसम की बरसात या सहन ना होने वाली गर्मी जलवायूपरिवर्तन के कारण ही है और यह पौधरोपण एवम पेड़ पौधो की देखभाल करना ,पेड़ों को कटाई से बचाना ही जलवायूपरिवर्तन के प्रभाव को कम कर सकता है । वही एसडीम लक्ष्मी नारायण ने लोगों से अधिक से अधिक क्षेत्र में पौधा लगाने की अपील की है । एसडीएम ने कहा कि एक्शनएड एससोसियेशन एवम मेवात कारवां की यह पहल सराहनीय है और जैसा के मुझे बताया गया है कि संगठन ग्राम पंचायतों, स्कूलों और आमजन के साथ मिलकर 2025 में 10 हजार पेड़ लगाने की मुहिम चलाएगा इस मुहिम में हम भी शामिल हैं जहां कहीं भी प्रशासन की जरूरत पड़ेगी वहां सहयोग मिलता रहेगा ।

समारोह को नवाब शमसुद्दीन सद्भावन मंच के अध्यक्ष इस्माईल प्रधान,मेवात कारवाँ संगठन के अध्यक्ष डाक्टर अशफाक आलम एवम जल बिरादरी मेवत के प्रधान हाजी इब्राहीम ,आरिफ बघौला ने संबोधित किया

जबकि इस प्रोग्राम को सफल करने में प्रकृति संरक्षक तौसीफ खान बिसरू,जान मोहम्मद नवलगढ़, बरकत मलिक ,इसाब खान बिवां,इंजीनियर ज्यालहक तिघरा,इरशाद पठान हथीन ,अरबाबा शफाक, इसहाक भाई, किफायतुल्लाह ,अजीज बघौला,तौफीक रीगढ़ इतियादी प्रकीर्ति संरक्षकों ने हिस्सा लिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण और सम्मान समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में "विश्व पर्यावरण दिवस" के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रेमी एवं ग्रीनमैन के नाम से प्रसिद्ध प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रिंसिपल डॉ सुभाष जागलान ने की तथा मुख्य अतिथि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संस्थान परिषद, इकाई भारत सरकार के हरियाणा राज्य के वाइस चेयरमैन अफसार रावल रहे।इस अवसर पर कुल 30 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए 11 पौधे महाविद्यालय परिसर में लगाए गए। साथ ही, पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले विद्यार्थियों को वृक्ष मित्र सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संदीप कल्याणी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ बैंगलोर विश्वविद्यालय से आए छात्रों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता को दशार्या।

मुख्य अतिथि श्री रावल जी ने कहा कि "वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाते हैं, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश देते हैं। वृक्षों का लगाना, उन्हें पालना और संरक्षण देना हमारे नैतिक कर्तव्यों में शामिल होना चाहिए।

# रैली एवं नुक्कड़ नाटकों का मंचन करके प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरूआत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत,( संजीव )**
नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में पौधारोपण, बाजारों में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटकों का मंचन करके प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरूआत की। बाजारों में दुकानदारों एवं राहगीरों को जूट के थैले वितरित कर प्लास्टिक का प्रयोग ना करने की अपील की।

पुलिस लाइन में मेयर राजीव जैन, विधायक निखिल मदान, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, निगम आयुक्त हर्षित कुमार, डी सी पी हेड क्वार्टर नरेंद्र कादियान, अंडर ट्रेनिंग आई ए एस अतुल कुमार तथा निगम पार्षद नीतू दहिया ने पौधारोपण करके अपील की कि एक पेड़ माँ के नाम लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण की अभियान को सफल बनायें। नगर निगम कार्यालय से प्लास्टिक मुक्त हरियाणा जागरूकता रैली की शुरूआत नगर निगम मेयर राजीव जैन एवं आयुक्त हर्षित कुमार ने झंडी दिखाकर की और कच्चे क्वार्टर तक रैली के साथ चले। रैली में पॉलीथिन भगाना है, घर से बैग लेकर जाना है, हम सबने थाना है, सोनीपत स्वच्छ बनाना है। रैली के समापन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें कचरा अलग अलग करने, सड़क पर कूड़ा ना फैलाने का संदेश दिया गया।

राजीव जैन ने सभी को शपथ दिलवाई कि :-

"मैं पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की पूरी कोशिश करूंगा। मैं ऐसी आदतें अपनाऊंगा जिससे संसाधनों की कम से कम बबार्दी हो। मैं जो उपयोग कर चुका उसका पुनः उपयोग होगा। मैं सिंगल यूज सामग्री का उपयोग नहीं करूंगा। मैं प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का उपयोग करूंगा। मैं पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखूंगा। मैं कम से कम कचरा करूंगा। मैं ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाऊंगा, और पर्यावरण संरक्षण करूंगा।"

# ईद उल अजहा की तैयारियों में जुटा मुस्लिम समाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** देशभर में सोमवार को ईद उल अजहा बकरीद का पर्व आगामी 7 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए मुस्लिम समाज ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बाजारों में अच्छी खासी भीड़ ग्राहकों की दिखाई पड़ रही है। शुक्रवार को ईद उल अजहा से ठीक एक दिन पहले और अधिक भीड़ बाजारों में दिखाई देगी। लोग खाने - पीने के व्यंजनों से लेकर कपड़ा, जूते इत्यादि सामान खरीद रहे हैं। आपको बता दें कि ईद उल अजहा का पर्व तीन दिन तक मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 7 जून से होगी और 9 जून तक मुस्लिम समाज के लोग कुबार्नी कर इस पर्व को अमन व शांति के साथ हर साल मानते आए हैं। इस बार भी त्योहार को अमन व शांति के साथ मनाने की पूरी तैयारी है। हालांकि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दो दिन पहले ही पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक लेकर आपसी सौहार्द के साथ ईद उल अजहा को मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि प्रतिबंधित पशु की किसी भी सूरत में कुबार्नी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और साथ ही सोशल मीडिया पर कुबार्नी के समय का कोई वीडियो इत्यादि वायरल ना करें। अगर ऐसा किया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीरवार को जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया ने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला सहित न्यायालय के अन्य न्यायिक अधिकारीगण व कोर्ट स्टाफ ने भी पौधे लगाए।

# नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपित किए गए पौधे



**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद : (संजय कुमार)** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. रवि राणा, मैट्रन बाला सहित अन्य स्टाफ स्वास्थ्यकर्मियों ने पौधारोपण किया। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पॉलीथिन से पर्यावरण के साथ-साथ जमीन भी दुषित होती है। ऐसे में हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है। पेड़ों से हमें छाया, मीठे फल, औषधि, लकडि?ां प्राप्त होती है। पेड़-पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं। मनुष्य कार्बन-डाइ-ऑक्साइड छोड़ते है, जो पौधे सोख लेते हैं। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे उतना वातावरण में ऑक्सीजन का निवास होगा। पेड़ो को संरक्षित करने के लिए जनजागरण व जनसहयोग की आवयश्कता है।

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि पौधा लगाने से काम समाप्त नहीं हो जाता। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दे। डा. रमेश पांचाल, डा. रवि राणा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाकर बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। आज पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ग के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह एक-एक पौधा अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

# चलो इस धरती को रहने योग्य बनाएं आओ सब मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाएं:ज्योति सैनी



**कैथल (नसीब सैनी)**। नागरिक अस्पताल हर्बल पार्क कैथल में चंदन का पेड़ लगाकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम की शुरूआत की। जिलाध्यक्षा ज्योति सैनी ने कहा कि हर साल 5 जून का दिन दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका मकसद है- लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। इस दिवस को मनाने का फैसला 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद लिया गया। इसके बाद 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस भाजपा द्वारा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की थीम के तौर पर एक पौधा मां के नाम से सभी भाजपा कार्यकर्ता लगाएंगे।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति,ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री शमशेर सैनी, जिला सचिव शक्ति सौदा,सोनू सरपंच प्रतिनिधि खानपुर, डॉक्टर जितेंद्र गिल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल कैथल,डॉ विनोद कुमार,रोशन सैनी व नरेश सैनी उपस्थित रहे।

### राजकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। राजकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्राचार्या एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पर्यावरण संरक्षण को एक दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। डॉ. पूर्ण प्रभा ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक संकट बन चुका है, जिससे जल, थल एवं वायु सभी प्रदूषित हो रहे हैं। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों एवं स्टाफ को एक पौधा लगाने और उसे संरक्षित करने की शपथ दिलवाई, साथ ही महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार ने माइक्रोप्लास्टिक से उत्पन्न पर्यावरणीय खतरों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दैनिक आदतों से जुड़ा हुआ विषय है। इको क्लब प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार ने पर्यावरण दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को प्लास्टिक के जैव अपघटनीय न होने से उत्पन्न दीर्घकालिक परिस्थितियों संकट से अवगत कराया। इस महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व प्राचार्या डॉ. पूर्ण प्रभा ने किया।

# नूंह जिले में पुनहाना के वार्ड 8 में कई महीने से पेयजल आपूर्ति बाधित लोग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिले के पुनहाना शहर के वार्ड नंबर आठ वाल्मीकि मौहल्ले में पिछले कई महीने से पानी की किल्लत बनी हुई है। समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने विभाग के अधिकारियों को शिकायत की लेकिन, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड के लोगों ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग व स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या को जल्द समाधान नहीं हुआ तो रोड जाम कर धरना - प्रदर्शन करेंगे। वार्ड नंबर 8 वाल्मीकि मौहल्ला निवासी दीपचंद, राधा रानी, प्यारी देवी, सुमित्रा,रामवती, रोहित, सुनील प्रजापति, मुकेश, सियाराम आदि लोगों ने बताया कि वार्ड में कई माह से पेयजल संकट है। महिलाएं दूसरे वार्ड से पानी लाने का मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में पानी के लिए समस्या को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वार्ड के लोग पीने का पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर विभाग बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद कभी मौके का मुआयना नहीं करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कल्याण ज्वैलर्स ने यमुनानगर में अपने नए शोरूम के उद्घाटन की घोषणा की

**यमुनानगर।** भारत के अग्रणी और सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज यमुनानगर स्थित अपने नए और भव्य शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की। इस मौके पर कंपनी अपनी लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड केनडियर की भी शुरूआत कर रही है। मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा 6 जून 2025 (शुक्रवार) को शाम 6:00 बजे इस शोरूम का उद्घाटन करेंगी। प्रोफेसर कॉलोनी, यमुनानगर में स्थित यह नया शोरूम हरियाणा में कल्याण ज्वैलर्स का 13वां आउटलेट होगा। यहां ग्राहकों को कल्याण ज्वेलर्स और केनडियर की विस्तृत और आकर्षक डिजाइनों की श्रृंखला एक वर्ल्ड-क्लास माहौल में उपलब्ध होगी। कल्याण ज्वैलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री रमेश कल्याणरमण ने कहा: हमने एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करते हुए ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। हरियाणा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, और हमने यहां रणनीतिक विस्तार किया है। हमें विश्वास है कि यह नया शोरूम हमारे ब्रांड की बाजार में उपस्थिति को और मजबूत करेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करेगा। लॉन्च का जश्न मनाते हुए कल्याण ज्वैलर्स ने हर 10 ग्राम सोने की खरीद पर 0.5 ग्राम सोना बिल्कुल मुफ्त देने की घोषणा की है। कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट- बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत- इन आभूषण खरीद पर भी लागू होगा। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं।

### वी के साथ साझेदारी में लॉन्च हुआ वीवो वी50ई 5जी

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी और आधुनिक ग्लोबल स्मार्टफोन ब्राण्ड वीवो इंडिया ने नए लॉन्च किए गए वी50ई 5जी के साथ वी के यूजर्स को एक्सक्लुजिव बंडल्ड प्लान के फायदे उपलब्ध कराने के लिए एक दूसरे के साथ साझेदारी की है। यह प्लान वी की हाई-स्पीड 5जी कनेक्टिविटी तथा वी मुवीज एण्ड टीवी के 12 महीने के सब्सक्रिप्शन के साथ डिजिटल एवं एंटरटेनमेन्ट का सहज अनुभव प्रदान करता है। यह बंडल्ड प्लान 30 जून 2025 तक वीवो वी50ई 5जी खरीदने वाले उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। यूजर अपनी डिवाइस में वी प्रीपेड सिम डालकर और विशेष रूप से क्युरेटेड रु 1197 प्लान के साथ रीचार्ज कर इस ऑफर को एक्टिवेट कर सकते हैं, यह प्लान 84 दिनों के लिए वैलिड होगा। इस ऑफर में शामिल है: 12 महीने का वी मुवीज एण्ड टीवी सब्सक्रिप्शन, 17 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस जिसमें जियो हॉटस्टार, जी 5, सोनी लिव, लायन्सगेट प्ले, फैनकोड आदि शामिल हैं।

### मारुति सुजुकी ने सौर क्षमता का विस्तार किया

**गुरुग्राम।** अपने परिचालन में रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने दो नई परियोजनाओं के साथ अपनी सौर क्षमता में 30एमडब्लूपी का विस्तार करने की घोषणा की है। कंपनी ने हरियाणा के खरखौदा में अपने नए संयंत्र में 20एमडब्लूपी क्षमता वाली सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की और अपने मानेसर संयंत्र में 10एमडब्लूपी क्षमता की एक अन्य सौर क्षमता शुरू की। इसके साथ, पिछले एक साल में मारुति सुजुकी की अपनी सभी लोकेशंस पर कुल सौर ऊर्जा क्षमता 49एमडब्लूपी से बढ़कर 79एमडब्लूपी हो गई है।

कंपनी की हरित ऊर्जा से जुड़ी पहलों पर बोलते हुए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, हमारी पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर कॉपोरेशन के पर्यावरण विजन 2050* और भारत सरकार के रिन्यूएबल एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, हम अपने ऑपरेशंस में रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को व्यवस्थित रूप से बढ़ा रहे हैं।

# स्वच्छता पखवाड़े को लेकर सुभाष ने वाइस चांसलर के साथ मुलाकात की

## विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित करने पर हुई चर्चा

**स्वच्छता अभियान**

छात्रों-कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद : (संजय कुमार)**

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्रदेश को स्वच्छ करने के मिशन पर निकले स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने वीरवार को चैधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ रामपाल सैनी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को स्वच्छता के एक मॉडल के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की। इससे पूर्व उन्होंने डॉ सैनी के वाइस चांसलर पद पर नियुक्ति होने पर शुभकामनाएं दी। यूनिवर्सिटी के वीसी के साथ स्वच्छता पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर और आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना और छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस चर्चा में उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर अपनी बात रखी। उन्होंने विश्वविद्यालय में कचरा ,प्लास्टिक का उपयोग कम करने और जल संरक्षण जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए समाज के नामचीन व्यक्तियों जैसे खिलाड़ी, लोक कलाकार, पूर्व सैनिक आदि का सहयोग लेने की बात कही। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू की स्वच्छता में योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। वीसी डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने ग्रीन कैंपस-क्लीन कैंपस योजना के तहत विभागों में साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा करने की योजना बनाई है। समीक्षा के आधार पर विभागों को रेटिंग दी जाएगी। इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी जो इसे लेकर विभागों की ओर से किए गए प्रयास को रेटिंग देगी। बेहतर रेटिंग हासिल करने वाले विभाग पुरस्कृत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर को हरा-भरा करने के साथ ही सफाई को लेकर कार्ययोजना तैयार की है, जिसके मुताबिक परिसर को प्लास्टिक-फ्री किया जाएगा। यह कमेटी परिसर का मुआयना करेगी। वश्वविद्यालय के कचरे को एकत्र करके जैविक खाद तैयार की जाएगी। इस अवसर पर पद्मश्री महावीर गुड्डू, एसबीएम के मीडिया समन्वयक पवन शर्मा, प्रो डॉ बलराम शर्मा , रवि कुमार भी मौजूद रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा 1 जून से 21 जून तक मनाया जायेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री: (मैनपाल कश्यप )**

**नगरपालिका** की तरफ से शहर में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, नगरपालिका की तरफ से स्वच्छता पखवाड़ा सरकार के निर्देशानुसार मनाया मनाया जा रहा है जिसमे स्थानीय लोगो को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देना सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । साथ स्वस्छता को लेकर कर्मचारियों ,नगरपालिका चैयरमैन पार्षद सभी ने एक स्वस्छता को लेकर सफथ भी ली। नगरपालिका सचिव धर्मवीर सिंह ने बताया की नगरपालिका के द्वारा सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में सफाई में सहयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा की शहर में स्वच्छता पखवाड़ा 1 जून से 2 1 जून तक मनाया जायेगा। शहर में सफाई को लेकर सभी कर्मचारी सफाई में जुटे हुए है उन्होंने शहरवासियो से अपील करते हुए कहा की शहर कही पर कूड़ा कर्कट पॉलीथिन गन्दगी न इकट्ठा न होने दे शहर को स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक आदत बननी चाहिए। सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें।

**जागरक**

स्थानीय लोगो को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देना सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा

# मेवात में गौहत्या मामले पर मामन खान को घेरा, नूंह पहुंचे राव इंद्रजीत को गौ रक्षा दल ने सौंपा ज्ञापन

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** आगामी 7 जून को ईद उल अजहा बकरीद के पर्व पर गोवंश की हत्या ना हो इसको लेकर गौ रक्षा दल हरियाणा के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम सांसद राव इंद्रजीत सिंह से सर्किट हाउस नूंह में मुलाकात की। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गौ हत्या में कमी आई है, इसके लिए सरकार व भारतीय जनता पार्टी पूरा प्रयास कर रही है। गौ रक्षा भी एक धर्म है। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा करनी चाहिए। मेवात जिले में बकरा ईद के पर्व पर गौ हत्या किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।



इसके अलावा गौ रक्षा दल हरियाणा के आचार्य योगेंद्र व आचार्य आजाद ने कहा कि गौरक्षा दल को गौहत्या रोकने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है। और आगे भी करता रहेगा। इसके लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात की है।

# दयालबाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास ट्रेनिंग की

**ट्रेनिंग**

यह ट्रैनिंग बीके राकेश मेहता ने बीके सुनील भाई व बीके राजवीर भाई के साथ मिलकर कराई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है अपनी प्राचीनतम योग कला की इस अदम्य पहचान के साथ पूरे विश्व में अपने पूर्वज स्टेज की भूमिका निभाने वाले जगतगुरु भारत के इस पवित्र धरती अंबाला कैंट में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति धाम 36-37, दयालबाग, सेवाकेंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास ट्रैनिंग की गई। यह ट्रैनिंग बीके राकेश मेहता ने बीके सुनील भाई व बीके राजवीर भाई के साथ मिलकर कराई। सभी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहनों ने भी इसमें भाग लिया।

अंबाला सब्जोन डॉयरेक्टर राजयोगिनी बीके आशा दीदी ने कहा योग एक व्यक्ति में शांति के स्तर को बढ़ाता है और उसके आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाने तथा उसे खुश रहने में मदद करता है। योग हमारे दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करता है और यह हमारे शरीर और नसों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाकर अधिक कुशलता से काम करता है। यह हमारे शरीर को ऑक्सीजन युक्त रखने में मदद करता है। आजकल लोग आलसी, थके हुए या नींद की कमी महसूस करते हैं जिसके कारण वे अपने जीवन में अधिकतर मौज-मस्ती से चूक जाते हैं और अपने काम को सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सक्रियता होने के नाते आप अपने आसपास होने वाली चीजों के बारे में अधिक जागरूक रहते हैं और अपने काम को अधिक कुशलतापूर्वक और जल्दी से पूरा कर पाते हैं यह सब करने का एक तरीका नियमित रूप से योग का अभ्यास करना है।

इस अवसर पर मशहूर कारोबारी राकेश गुप्ता, रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन गुप्ता, सावन ऑप्टिकल के मालिक संजीव शैली वा शहर की जानी मानी हस्तियां मौजूद रही।

# आदेश मैडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया पर्यावरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद : प्रदीप कुमार**

**मोहड़ी** स्थित आदेश मैडिकल कालेज एवं अस्पातल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आदेश आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, आदेश ग्रुप के डायरेक्टर ई.आर. गुरफतेह सिंह गिल, एम.डी. गुणतास गिल सहित वरिष्ठ चिकित्सकगणों, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थियों ने मिलकर




परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अपने सम्बोधन में डा. एच.एस.गिल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का कार्य नही बल्कि यह हमारी रोजमर्रा की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर पौधा भविष्य की सांस है, और हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। डा. गिल ने यह भी कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ व हरित वातावरण देने के लिए आज ही ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दौरान कालेज परिसर में चिकित्सकों, स्टाफ और छात्रों द्वारा औषधीय व छायादार पौधों का रोपण किया गया और सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। आदेश मैडिकल कालेज का यह पर्यावरणीय प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह दशार्ता है कि स्वास्थ्य सेवा से संस्थान भी प्रकृति की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा, गुरसतिंदर सिंह सहित विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसीपल भी मौजूद रहे।

# इंद्री की सड़कों पर नहीं चलेगा अतिक्रमण: एसडीएम अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )**

**इंद्री** शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात के लिए सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन ने कमर कस ली है। वीरवार को एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने नगर पालिका अधिकारियों और पुलिस टीम के साथ शहर के मुख्य बाजारों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उन्होंने दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौके पर मिले



अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाएं, ताकि सड़कों पर यातायात सुचारू रूप से चलता रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने कहा कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सड़कें जनता की होती हैं।

# चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स 2025 हेतु नामांकन आमंत्रित किए

**गुरुग्राम।** कैविनकेयर ने मद्रास मैनेजमेंट एसोसिएशन के साथ मिलकर चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के 14वें संस्करण के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत के स्टार्टअप्स औरएमएसएमईद्वारा किए गए परिवर्तनकारी और प्रभावशाली नवाचारों को सम्मानित करते हैं। जिन कंपनियों का वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्षिक टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है, वे आवेदन के लिए पात्र हैं। एंट्रीज भेजने की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2025 है। यह पुरस्कार स्वर्गीय श्री आर. चिन्नीकृष्णन की स्मृति में स्थापित किए गए हैं।

# नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )**

**शहर** में बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए नगरपालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान नगरपालिका सचिव धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में चलाया गया। बुधवार को नगरपालिका के अधिकारी ० सफाई कर्मचारियों ने नहर के पुल से लेकर शहीद उधम सिंह चौक तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमे दुकानों के आगे बन रहे अवैध सैडो को हटवाया गया और दुकानदारों के बोर्डो को भी नगरपालिका ने अपने कब्जे में ले लिए है सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी की अगर किसी ने भी सड़क पर अतिक्रमण किया तो




उनके खिलाफ नगरपालिका की तरफ सख्त कार्यवाई की जाएगी। नगरपलिका सचिव धर्मबीर सिंह ने बताया की शहर से अतिक्रमण को लेकर लगातर शिकायत मिल रही थी की शहर में अतिक्रमण को लेकर आमजन परेशान है उनकी समस्या को देखते हुए शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा। जिसमे नहर से लेकर शहीद उधम सिंह चौक तक दुकानों के आगे बने सभी सैडो को हटवाया गया और को नगरपालिका ने जब्त कर लिया है सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की जिस भी दूकानदार ने सड़क पर सामान रखा तो उसका सामान जब्त किया जायेगा शहर में अतिक्रमण नहीं पनपने दिया जायेगा। शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह जरूरी था। अन्यथा नगरपालिका अतिक्रमण करने वालो से सकती से निपटा जायेगा । इस अवसर पर उनके साथ कनिष्ट अभियंता प्रशान्त ,सफाई दरोगा लितेश आदि सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

**अभियान**

नहर से लेकर शहीद उधम सिंह चौक तक दुकानों के आगे बने सभी शैडो को हटवाया गया

# नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर(धर्मबीर)**

**विश्व** पर्यावरण दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा डिफेंस स्कूल जगाधरी में जगाधरी में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के 500 से अधिक क्रेडिट ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल पर चलकर इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज सिगरेट और हुक्का परिवर्तित रूप में हमारे सामने आ चुका है और वो है इ-सिगरेट और इ-हुक्का जो



प्रतिबंधित है। आज भी लोगों की धारणा है कि हुक्का भाईचारे का प्रतीक है जबकि यह मिथ्या है। यदि हुक्का हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग होता तो इसका वर्णन वेद ग्रन्थ और शास्त्रों में अवश्य होता। उन्होंने कहा कि कोई भी नशा मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता। उन्होंने कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले माँ देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। नशेड़ी के जीवन को एक चक्र की भांति परिभाषित करते हुए बताया कि नशा का प्रारम्भ जीवन में शौंक से आरम्भ होता है और इसका अंत शोक में परिवर्तित होकर मृत्यु का कारण बनता है। उन्होंने आगे बताया कि भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए नम्बर 9050891508 जारी किया है। इस पर कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।

कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करवाई गयी। कमांडिंग अफसर कर्नल जरनैल सिंह ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**शपथ दिलाई**

भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए नम्बर 9050891508 जारी किया

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया मां गंगा अवतरण दिवस गंगा दशहरा उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्म बीर )**

आश्रम स्थित बने यमुना घाट पर हजारों की संख्या में संत महात्मा और श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाकर यमुना में स्नान किया। वेद पुराणों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि ज्येठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा को प्रभु श्री राम के पूर्वज भागीरथी द्वारा हजारों वर्ष की तपस्या के बाद जनमानस के कल्याण के लिए धरती पर लेकर आए थे तभी से इस दिन को गंगा दशहरे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा यमुना स्नान दीपदान और अन्नदान का बड़ा ही महत्व है।

अजात आश्रम हथनीकुंड के महंत



स्वामी वितरागानंद सरस्वती महाराज ने बताया ज्येठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी के दिन भागीरथी मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था इस दिन गंगा-यमुना स्नान का बड़ा ही महत्व है आज यहां आजात आश्रम में यमुना घाट पर गंगा दशहरे के दिन मां यमुना की आरती की गई। मां यमुना को भेंट स्वरूप अन्य नारियल दीप चुनरी आदि वस्तुओं का बेड़ा चढ़ाया गया।

आश्रम द्वारा आयोजित गंगा उत्सव में पहले हवन यज्ञ किया गया उसके बाद मां यमुना को भेंट स्वरूप दीप नारियल और चुनरी का बेड़ा चढ़ाया गया।

श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ और यमुना आरती में बढ़-चढ़कर भाग लिया उसके बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण का उत्सव का समापन किया गया।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हल्का विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने ओमेक्स हाइट सोसायटी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर शुभारंभ किया। विधायक का सोसाइटी में पहुंचने पर महिलाओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत का  आरती शर्मा, मोनित शर्मा, एस के मित्तल, नेहा गर्ग आदि लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि पौधारोपण कर संदेश देते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के



बारे में शिक्षित करना है। विधायक कृष्णा गहलावत ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लोगों से पौधारोपण करने और जल का संचय करने का आग्रह किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने का अवसर मिलता है। पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है,पर्यावरण सुरक्षा जीवन रक्षा है, इसके लिए हम सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है क्योंकि यह हमारे जीवन को सीधे प्रभावित करता है। पर्यावरण के बिना जीवन असंभव है, और हमें इसके संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। पर्यावरण संरक्षण के बिना, हम अपने भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। इसके लिए हमें पौधारोपण, जल संचय और ऊर्जा की बचत करनी चाहिए। हमें प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए और रिसाइकल करने की कोशिश करनी चाहिए। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वातावरण को शुद्ध बनाते हैं। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर अमरजीत, शीलू, नरेन्द्र, कालू, आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हर घर एक पेड़, मां के नाम से जोड़े भावनात्मक लगाव:विधायक कादियान

**पौधारोपण**

**बादशाही रोड स्थित जलघर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित जलघर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन  किया गया। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने लोगों को हर घर एक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई। विधायक ने कहा, यह अभियान



माता-पिता और प्रकृति के प्रति आभार जताने का तरीका है। विधायक ने पब्लिक हेल्थ विभाग से शहर में स्वच्छ पेयजल के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन की जानकारी ली। उन्होंने कहा, पाइप लाइन दबाने के बाद गड्ढों की मरम्मत अच्छे से की जाए। मानसून में लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या तुरंत दूर की जाए। इस मौके पर एक्सईन गौतम, श्यामलाल जेई, बसंत जेई, सोनिया, गीता, शकुंतला, बबीता, सरोज सहित कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### स्पोर्टस क्लब में शेखर आंतिल ने किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** भाजपा के जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने स्पोर्टस क्लब में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों के साथ पौधारोपण किया और उनकी देखरेख का संकल्प दिलाया। मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि पर्यावरण रक्षा ही जीवन सुरक्षा है, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।

### विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक वैश्विक पहल : कुलपति प्रो. सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत में विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) देविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वृक्षारोपण किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) देविन्द्र सिंह ने कहां विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक वैश्विक पहल है। देश में पर्यावरण की मुख्य कई समस्याएँ है । विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.(डॉ.)आशुतोष मिश्रा ने कहां पहले हमारे पूर्वज वृक्षों की पूजा किया करते थे, उनकी देखभाल गंभीरता से करते थे तब हमारे आस पास का वातावरण बहुत साफ सुथरा रहता था। इस अवसर पर डीन शैक्षणिक डॉ. पूजा, डॉ. बलविन्द्र कौर, डॉ. सुन्दर सिंह, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, डॉ. रामफूल, डॉ. कुलवंत मलिक, एस.डी.ओ. नरेश इत्यादि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस पर गांव भैरा- बाकीपुर पंचायत ने पौधारोपण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राई हलके के गांव भैरा- बाकीपुर के सरपंच जयराम शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम से अभियान चलाते हुए पौधा रोपण किया गया। ग्रामीणों के साथ मिलकर एक पेड़ माँ के नाम से लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सरपंच जयराम शर्मा ने कहा कि जिस तरह से वृक्षों की कटाई चल रही है उससे पूरे पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है और इसी कारण पूरा विश्व पिछले कई वर्षों से तेजी के साथ ग्लोबल वार्मिंग कि ओर बढ़ रहा है और इसका असर भी पृथ्वी पर तथा यहां वास करने वाले जीव जंतुओं और पेड़ पौधों पर साफ दिखाई पड़ रहा है।

### एन.सी.सैल ने अफ्रीका सहित नशाखोरों को फिजियोलॉजी में शामिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के दौरान अम्बाला शहर क्षेत्र अशोक विहार काली के पास से नशाखोरी मामले में 4 जून 2025 को एन्टीकोटिक सैल के इंस्पैक्टर ऋषि पाल के नेतृत्व में उप-निरीक्षक कुलविन्द्र, सह-उपनिरीक्षक सत्यवान ने पुलिस दल सहित सलाह के आधार पर रुख किया, टिका हुआ मंदीप सिंह कालू रेजिडेंट अशोक विहार अंबाला शहर जिला अंबाला को 420 ग्राम एसोसिएशन के आदेश पर 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ।

# वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए मनाया जाता है पर्यावरण दिवस: राय

**पौधारोपण**

**बादशाही रोड स्थित जलघर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस जैन गर्ल्स कालेज में मनाया गया। मुख्यातिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डा. मनोज राय रहे। डा. राय ने कहा यह दिन पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए वैश्विक स्तर पर मनाया



जाता है।
इस अवसर पर कुल 40 पौधे लगाए गए। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष संदीप सिंघल, योगेश कौशिक, डा. मनोज कुमार, सचिव विकास भगवती, महिला संयोजिका भावना जग्गा, संयोजक संस्कार मनीषा जैन आदि मौजूद रहे।

# बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन पदाधिकारियों ने लगाए पौधे



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन द्वारा बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। एसोएिसशन के पदाधिकारियों ने पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी जिम्मदारी ली। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने चाहिए, ताकि औद्योगिक क्षेत्र व आस-पास के  वातावरण को शुद्ध वायु मिलती रहे।
इस मौके पर उपाध्यक्ष विनोद जैन, नरेंद्र नंदा, विरेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

# टोल प्लाजा पर पौधारोपण कर देखरेख का संकल्प



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में टोल प्लाजा भिगान एनएच 44 के द्वारा पौधारोपण किया गया।
जिसमें एनएक्सटी इंफ्रा के उच्च अधिकारी और एनएचएआई के अधिकारी और अपने कर्मचारियों को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया और पौधारोपण कर देखरेख का संकल्प लिया।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला के लिए आवेदन आज से शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया वीरवार से शुरू हो जाएगी। आवेदन 6 जून से 20 जून तक ही स्वीकार किए जाएंगे।  राजलू गढ़ी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि आवेदन के लिए छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक



अनिवार्य है। इच्छुक दाखिला के लिए आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। काउंसिलिंग के लिए छात्र आईटीआई भी आ सकते हैं। इसके लिए भी पूरी तैयारी की गई है। आईटीआई में हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। यहां आकर भी छात्र आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई राजलू गढी में फीटर रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, कोपा, वेल्डर, प्लंबर, स्टेनो व्यवसायों में कुल 284 सीटों पर दाखिले किए जाने हैं।
आईटीआई में दाखिला लेने वाली बेटियों की ट्यूशन फीस माफ रहेगी व 1000 रुपये टूल किट निश्शुल्क दी जाएगी। साथ ही आईटीआई में दाखिला लेने पर बेटियों को फ्री बस सुविधा मिलेगी।

# दुकानदार पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
शहर के गोहाना रोड पर दुकान पर बैठे दुकानदार पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है।
पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव गुहणा निवासी जगबीर सिंह ने बताया कि उसकी गोहाना रोड पर दुकान है। वह दुकान पर मौजूद था।

# मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ ,** 5 जून। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के सेवाकाल के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के चारों मंडल के कार्यकताओं की कार्यशाला को संबोधित किया। श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत के अमृत काल में ये 11 वर्ष सेवा , सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की  टॉप फाइव में शामिल है, भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन सहित कई अन्य देशों को भी बता दिया कि भारत को हलके में लेना उनको भारी पड़ेगा।
भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में हुए



सेवा कार्यों की पहुँच हर पात्र तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता तय कार्यक्रमों के अनुसार माइक्रो लेवल पर कार्य करेंगे। इसके लिए विस्तार से रूपरेखा तैयार की गई है। बादली हलके के हर मंडल व शक्ति केंद्र पर सभा, हर बूथ पर कार्यक्रम, 21 जून को हर  मंडल पर योग कार्यक्रम, 23 जून को हर बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा और छह जुलाई को हर मंडल पर जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 जून को हर बूथ पर पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात सुनी जाएगी और श्यामा प्रसाद जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। हर कार्यकर्ता अपने माता-पिता के नाम पौधा रोपित करेंगे। इस दौरान विशेष बात रहेगी कि इन कार्यक्रमों के दौरान सेवा कार्य के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएंगे। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधा रोपित किया।
बॉक्सः राहुल गांधी परिपक्व नेता नहीं बन पाए  - बोले धनखड़
पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि राहुल गांधी परिपक्व नेता नहीं है। 1971 के युद्ध के दौरान सारा देश सरकार के साथ था, हमारे नेता अटल जी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का साथ दिया था। भाजपा की नीति देश हित की नीति रही है। राहुल गांधी को मैच्योरिटी के साथ ब्यान देना चाहिए।

# पी एस पब्लिक स्कूल भूर्री में शिक्षकों ने लगाए पौधे



**गन्नौर।** पी एस पब्लिक स्कूल भूर्री में पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में शिक्षकों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पौधारोपण कर देखरेख का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक संजीव कुमार, प्रधानाचार्य नवीन कुमार, काऊसलर राम डाबर, उपप्रधानाचार्य गौरव अनेजा ने कहा कि पौधारोपण करना जीवन रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। हमें अपने जन्म दिन व अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजिका नीलम रानी, मनीषा शर्मा, अंजली, पिंकी राठी, पूनम बाला, दीपा, अनीता शर्मा, मंजू रानी, अक्षय कुमार, अनु देवी, कशिश, अनीता कश्यप आदि शिक्षकों ने भी पौधारोपण का संदेश दिया।

# सतकुंभा धाम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने नव-निर्मित सत्संग सभागार का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गंगा दशहरे के अवसर पर खेड़ी गुज्जर में सतकुंभा धाम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों का स्मरण कर स्नान किया, पूजा-पाठ कराया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि यह धाम शक्ति और शांति का केंद्र है, और यहां की ऊर्जा उन्हें सदैव समाज के लिए कुछ नया करने को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा ही परमात्मा की सच्ची आराधना है और सनातन धर्म



के संस्कार ही जीवन का मूल आधार हैं। उन्होंने नव-निर्मित सत्संग सभागार, लंगर हाल का भी उद्घाटन किया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि यह पर्व पवित्र स्नान, आत्मशुद्धि और सेवा का उत्सव है। धाम में श्रद्धालुओं के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई, भंडारे की व्यवस्था की गई। वहीं श्रद्धालुओं की पूजा-पाठ के लिए विद्वान शास्त्रियों द्वारा कराई गई। बच्चों के लिए झूले-खिलौनों के बाजार लगा जिसमें



बच्चों ने जमकर खरीदारी की। वाहनों के लिए निश्शुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा। सूरज शास्त्री, आचार्य अमन ने मंत्रोच्चारण करवाया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सेठ पाल छौक्कर, जनेशसर, रामफल बाबू जी, जसबीर दोदुआ, निशांत छौक्कर, सत्यवान स्वरुप, महेंद्र भारद्वाज मौजूद रहे।

# अगवानपुर में तेहरवीं पर पौधारोपण करके लिया देखरेख का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गांव** अगवानपुर में वीरवार को हरियाणा बैरागी संगठन की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष पुष्पा बैरागी ने अपनी मौसी स्वर्गीय शांति देवी की रस्म तेहरवीं पर पर्यावरण रक्ष जीवन सुरक्षा का संकल्प लिया और गांव में दर्जनों से अधिक पौधे रोपित किए।
पुष्पा बैरागी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग सबसे बड़ी समस्या है, अगर समय रहते हमने इस समस्या की तरफ ध्यान नही दिया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसलिए हम सभी को



अपने बुर्जुगों की याद व अपने जन्म दिन को पौधारोपण करके मनाना चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष पुष्पा बैरागी ने अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महाबीर, बलजीत, सुरेश, सुन्दर सिंह, ऋषि प्रकाश आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नरेला: पर्यावरण दिवस पर नव चेतना संगठन ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी** दिल्ली के नरेला क्षेत्र की सबसे पुरानी सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वयंसेवी संस्था नव चेतना संगठन ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उद्यान विभाग के सहयोग से महिला पार्क (सनातन धर्म मंदिर के निकट), पंजाबी कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। यह आयोजन नरेला के निवासियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नव चेतना संगठन का यह प्रयास निश्चित रूप से नरेला को और अधिक हरा-भरा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संगठन के प्रधान नौतन दास अरोड़ा ने बताया कि उनकी संस्था विगत कई वर्षों से पंजाबी कॉलोनी को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिवर्ष पौधारोपण अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत न केवल पार्कों में, बल्कि कॉलोनी की सड़कों और गलियों में भी पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नरेला को हरियाली से आच्छादित करना और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना है। नौतन दास अरोड़ा ने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी संस्था न केवल पौधारोपण करती है, बल्कि इन पेड़ों की देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ने का आह्वान किया। इस वर्ष उद्यान विभाग ने छायादार और बड़े पेड़ लगाने का वादा किया है, जो गर्मी और प्रदूषण से राहत प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में संगठन के उप-प्रधान जितेंद्र चोपड़ा, महासचिव रमेश खुराना, सतपाल बत्रा, पवन खुराना, अशोक कुमार, उद्यान विभाग के अधिकारी और पंजाबी कॉलोनी के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।









वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र की झुग्गी-बस्ती पर बुलडोजर चला है। वहां पर पीड़ितों से मिलकर उनकी मांग उठाते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, इन्द्रजीत यादव। साथ में है कई गणमान्य लोग।

## ग्लोबल वार्मिंग को खत्म करना है तो लगाए अधिक से अधिक पौधे: सुभाष झा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: विश्वभर** में आज पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया, यह दिन हमारे पर्यावरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसके अलावा इसका उद्देश्य मानवीय गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकना और पृथ्वी की रक्षा करना है। बुराड़ी विधानसभा में रहने वाले व पूर्वांचल मोर्चा प्रवक्ता सुभाष झा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विभिन्न कदम उठाने और विभिन्न तरीकों को अपनाने की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या है जो कि बड़ी ही तेजी के साथ फेल रही है, जिसको कम करने का सिर्फ एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं, इसी तरह से सरकार द्वारा बैन किए गए प्लास्टिक बैग, पॉलिथिन का उपयोग न करते हुए जूट व पेपर बैग का इस्तेमाल करें।



## आजादपुर मंडल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया वृक्षारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आजादपुर मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल लाइन जोन की डिप्टी चेयरपर्सन सुमन शर्मा एवं क्षेत्रीय लोगों के अलावा सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं सम्मिलित रही। इस मौके पर आजादपुर मंडल के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आजाद पुर मंडल के अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि हम सभी को पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा की परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।




## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर निकाली गई रैली






**टीम एक्श इंडिया**
**नई दिल्ली: नव सृष्टि संस्था** ने चाइल्ड राइट्स एंड यूके सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन दिल्ली के मुख्य चार स्थानों पर नेब सराय दिल्ली, नांगलोई, संतोष नगर और राजीव नगर फरीदाबाद आदि स्थानों पर किया। इस आयोजन का उद्देश्य था कि पर्यावरण को बेहतर बनाना। संस्था ने समुदाय व मार्केट में बच्चो व महिलाओं के साथ रैली निकाल कर व नेब सराय व नांगलोई दिल्ली में कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया व विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नवसृष्टि संस्था की सचिव रीना बनर्जी ने मुख्य बिंदुओं पर जागरूक किया। इसमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, प्लास्टिक का बहिष्कार करेंगे, सभी जगह जूट व कपड़े के बैग का उपयोग करें। प्लास्टिकयुक्त पैकिंग खाद्य पदार्थ का सेवन न करें। ज्यादा से ज्यादा पेड-पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में 260 महिलाओं और बच्चो ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक कुशल पाल सिंह ने लोगो को संदेश दिया कि पर्यावरण बेहतर रहेगा तो स्वास्थ्य बेहतर होगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्मृति वन में किया पौधारोपण





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: विश्व पर्यावरण** दिवस पर नरेला में दिल्ली विकास प्राधिकरण के स्मृति वन डिस्ट्रिक्ट पार्क में हॉर्टिकल्चर डिवीजन 10 के अनुभाग अधिकारी राघव मौर्य, लक्ष्मण शर्मा तथा साबू सिंह की टीम के नेतृत्व में पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख गणमान्य नागरिक, नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता राज व्रत आर्य, डीटीसी के पूर्व ट्रैफिक मैनेजर धर्मपाल वर्मा, पार्क के प्रमुख दैनिक यूजर, शिक्षक रवि खत्री, अतुल कुमार, प्रिंस, तुषार, माली विकास, कुमारी कनिष्का, ध्रुव, हर्षित एवं अन्य गणमान्य यूजर्स उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने डीडीए द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम की मुक्त कंठ से तारीफ की।

श्री आर्य ने सभी से अपील की कि इस प्रदूषित हो रहे वातावरण को बचाने के लिए पेड़-पौधों की भूमिका अति महान और महत्वपूर्ण है। हमें इस तरह के कार्यक्रम को संपन्न बनाने के लिए खुले मन से सहयोग करना चाहिए।

अंत में राघव मौर्य ने इस भव्य पौधारोपण कार्यक्रम को संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपील करते हुए समापन की घोषणा की।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण और चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पर्यावरण संरक्षण** हमारा कर्तव्य है, हरित भविष्य के लिए आज से ही शुरूआत करने के ध्येय को लेकर विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण के अंत की थीम को लेकर नेहरू युवा केंद्र, नांगलोई पश्चिम दिल्ली की जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की अध्यक्षता में बस्ती विकास केंद्र ज्वाला पुरी दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रकार के कार्यक्रमों की श्रृंखला में शपथ ग्रहण कार्यक्रम, वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का आम जनमानस को संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में निगम पार्षद मोनिका गोयल, प्रिंसिपल संजीव सिंगल, आजाद युवा क्लब की सचिव सुनीता कुमारी, कार्यक्रम निदेशक रामा शंकर आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक के द्वारा सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों विशेषकर युवा वर्ग से यहीं अनुरोध किया गया कि मानव जीवन के साथ संपूर्ण जीव जगत पर्यावरण के संतुलित विकास के बिना कल्पना मात्र है।




## विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पौधा देश के नाम' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के गोकलपुर विधानसभा स्थित भागीरथी विहार में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पौधा देश के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने के प्रति आम लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व निगम पार्षद एवं चेयरमैन कन्हैया लाल, निवर्तमान निगम पार्षद प्रत्याशी राज कुमार, मण्डल अध्यक्ष वरुण तावड़ा, प्रतिष्ठा युवा संगठन संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार भारतीय, कर्मवीर सिंह, हीरा लाल शर्मा संगीता शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते हुए भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव। साथ में है कई गणमान्य लोग।

## धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी संजय राघव का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** कई इलाकों में समाजसेवी संजय राघव का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही संजय राघव को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता उनके निवास व कार्यालय पर लगा रहा। आपको यह भी बतादें कि सिविल लाईन जोन की डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुमन शर्मा के ऑफिस पर भी संजय राघव का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, तो वहीं भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी ने भी संजय राघव को जन्मदिन की बधाई दी। इसके अलावा कई राजनीतिक लोगों ने भी उनको जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर वहां पर मौजूद लोगों ने कहा कि संजय राघव बड़े ही अच्छे व्यक्ति हैं और हमेशा ही गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं, यही कारण है कि आज उनको बधाई देने वालों का उनके कार्यालय पर तांता लगा हुआ है।

इस मौके पर संजय राघव ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर जीएसटीए ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद से उनके कार्यालय में भेंट की। यह मुलाकात राजधानी के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक व नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हेतु आयोजित की गई। प्रतिनिधिमंडल में विशेष रूप से पूर्व शिक्षक नेता व दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जयभगवान यादव कप्तान सिंह, नरेश शर्मा, बीएल शर्मा, दीपक, विपिन यादव एवं प्रियंका शामिल थे। बैठक के दौरान सबसे प्रमुख विषय संघ के लम्बित चुनावों से संबंधित रहा। जिनकी तिथि अब तक निर्धारित नहीं की गई है। महासचिव यादव ने मंत्री से आग्रह किया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली हेतु इन चुनावों की घोषणा शीघ्र की जाए। इस पर शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए शीघ्र निर्णय लेंगे। इसके अतिरिक्त दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के पद निर्धारण की वर्तमान नीति पर भी चर्चा हुई। महासचिव ने स्पष्ट किया कि पदों का निर्धारण पूर्व वर्ष की छात्र संख्या के अनुपात में किया जाना चाहिए, न कि मनमाने ढंग से कटौती के आधार पर क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में नामांकन में निरंतर वृद्धि देखी गई है। यदि पदों की कटौती की गई तो इससे विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।




## सार संक्षेप

### पुर्तगाल ने जर्मनी को हराकर नेशंस लीग फाइनल में बनाई जगह



**म्यूनिख।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 68वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत पुर्तगाल ने जर्मनी को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह जीत रोनाल्डो के लिए खास रही क्योंकि उन्होंने पहली बार जर्मनी के खिलाफ जीत दर्ज की, इससे पहले उनके खिलाफ खेले पांचों मुकाबले हार में बदले थे। इस मैच से पहले रोनाल्डो को जर्मनी के खिलाफ जीत का स्वाद नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने इस मैच में न सिर्फ अपनी बदकिस्मती तोड़ी बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना 137वां गोल भी किया। नूनो मेंडेस के शानदार क्रॉस पर रोनाल्डो ने नजदीक से गेंद को नेट में डालकर टीम को बढ़त दिलाई। बारिश के कारण 10 मिनट देरी से शुरू हुए इस मुकाबले में पहले हाफ के बाद जर्मनी ने बढ़त बना ली थी। 48वें मिनट में फ्लोरियन विट्र्ज.ने मिडफील्ड से चालाकी से खेलते हुए खुद ही मूव शुरू किया और फिर जोशुआ किमिच की सहायता से शानदार हेडर के जरिए गोल दागा। जर्मनी की बढ़त ज्यादा देर नहीं टिकी। 60वें मिनट में पुर्तगाल के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने तीन बदलाव किए और इनमें से एक रहे फ्रांसिस्को कोंसेसाओ ने मैदान में आते ही पांच मिनट में कमाल कर दिया। उन्होंने आधे मैदान से दौड़ लगाई, रॉबिन गोसेन्स को छकाया और टेर स्टेगन को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। मैच का निर्णायक मोड़ 68वें मिनट में आया जब नूनो मेंडेस के पास पर रोनाल्डो ने क्लोज रेंज से गोल कर पुर्तगाल को 2-1 की बढ़त दिलाई। इससे पहले वे दो मौके गंवा चुके थे, लेकिन इस बार उन्होंने कोई गलती नहीं की। पुर्तगाल अब रविवार को नेशंस लीग 2025 के फाइनल में स्पेन और फ्रांस के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। पुर्तगाल इससे पहले 2019 में इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण जीत चुका है। जूलियन नगेल्समैन की टीम जर्मनी के लिए यह हार झटका है, क्योंकि यह उनके पिछले 18 मुकाबलों में सिर्फ दूसरी हार है। म्यूनिख में जन्मे करीम अडेयेमी ने आखिरी मिनटों में गोल का मौका बनाया लेकिन उनकी शॉट क्रॉसबार से टकरा गई। अब जर्मनी तीसरे स्थान के मुकाबले में स्टटगार्ट में उतरेगा।

### फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कोको गॉफ का सामना बोइसों से, जोकोविच और सिनर भी जीते





**पेरिस :** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीज को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया। 22 वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने डेब्यू ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं। पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

### बरेली में सेपक टाकरा खेल का बढ़ रहा क्रेज, खिलाड़ियों की संख्या 100 के पार

**बरेली :** बरेली में सेपक टाकरा खेल के प्रति शहर के खिलाड़ियों का रुझान बढ़ा है। कैंट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र (साई सेंटर) में 100 से ज्यादा खिलाड़ी पसीना बहा रहे हैं। इसमें 18 पुरुष खिलाड़ी छात्रावास में रहकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वहीं, छह पुरुष खिलाड़ी डे-बोर्डिंग स्कीम के तहत अभ्यास कर रहे हैं। बाकी खिलाड़ी शहर के हैं, जो आस-पास के इलाकों से प्रशिक्षण लेने आते हैं। पिछले साल यहां 80 खिलाड़ी ही अभ्यास करने आते थे। स्टेडियम में खिलाड़ी प्रतिदिन दो पालियों में प्रशिक्षण लेते हैं। कोच बीए शर्मा ने बताया कि केंद्र से अब तक 300 से ज्यादा खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इनमें से कई खिलाड़ियों को खेल कोटे से नौकरी भी मिल चुकी है। वह देश सेवा के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं पदक भी जीत रहे हैं। इसमें रश्मि, डॉली, खुशबू, शिवांगी आदि खिलाड़ी शामिल हैं। केंद्र की ओर से समय-समय पर खिलाड़ियों के लिए ट्रायल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कैंप में आने का अवसर मिलता है। हाल ही में 19 से 24 मई तक दमन एंड दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स में यूपी महिला सेपकटाकरा टीम ने तीन कांस्य पदक हासिल किए हैं। बिहार के पटना में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। इसमें पराजित होने के बाद टीम को कांस्य पदक मिला था। प्रदेश की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन कैंट स्थित प्रशिक्षण केंद्र से ही किया गया था।

# बेकाबू फैंस... तैयारियों में चूक, मातम में बदला जश्न

**बंगलूरू :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न तब फीका पड़ गया जब बंगलूरू में जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की जान चली गई। आरसीबी ने पहली बार खिताब जीता तो बंगलूरू में ट्रॉफी का जश्न मनाने लाखों प्रशंसक जमा हुए। हालांकि, चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मची और फैंस की जान चली गई। आरसीबी उन फ्रेंचाइजियों में से है, जिनके सबसे ज्यादा प्रशंसक हैं, लेकिन ये सब पता होने का बावजूद जश्न की तैयारियों में चूक हादसे की मुख्य वजह रही। प्रशंसकों का जश्न मातम में बदल गया, लेकिन सम्मान समारोह स्टेडियम के अंदर जारी रहा। टीम की एक झलक पाने के लिये स्टेडियम के बाहर लाखों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बलप्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए। बुधवार दोपहर जब आरसीबी टीम बंगलूरू पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया। प्रशंसक विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की एक एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती गई। हालांकि, इसके लिए कोई तैयारी नहीं की गई। अब सवाल उठता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? प्रशासन, फैंस या वहां की सरकार, या स्टेडियम और कर्नाटक क्रिकेट संघ के अधिकारी? ऐसा नहीं है कि किसी को चेतावनी नहीं दी गई थी। बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पर जारी बयान में कहा था कि विधान सौधा से स्टेडियम तक आरसीबी टीम की बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी अनुमति दे दी थी। खिलाड़ियों के विधान सौधा पहुंचने के बाद दर्शकों के अनियंत्रित होने के कारण हालांकि यह परेड नहीं कराई गई। शहर में बारिश के मौसम ने भी अधिकारियों को ऐसा निर्णय लेने के लिए मजबूर किया होगा। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद मंगलवार रात भीड़ को नियंत्रित करने में भी पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। सोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है। प्रशंसक टीम के काफिले की ओर खुशी से हाथ हिला रहे थे। हालांकि, अब इस जीत का जश्न फीका नजर आ रहा है। कुछ प्रशंसक के बयान भी सामने आए और उन्होंने तैयारियों पर सवाल उठाए। आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए। गेट नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस एंट्री गेट नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढे तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। इसके बावजूद कुछ फैंस स्टेडियम की दीवार और फेंसिंग पर चढ़कर स्टेडियम के अंदर घुसते दिखे। इसका वीडियो भी सामने आया। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'मैंने समारोह के टिकट लिए थे, लेकिन अंदर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मेन गेट के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। मुझे नहीं पता कि हमारी क्या गलती थी। हमें समारोह का न्योता मिला था। हमने टिकट खरीदे थे ,लेकिन मार और गालियां खाई। हमारे जैसे फैंस के लिए यह भयावह दिन रहा।' यह फैन टीम की जीत के जश्न को देखने आया था, लेकिन भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। करीब साढ़े चार बजे कुबोन पार्क मेट्रो स्टेशन से और भीड़ आ गई जिससे पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे। दूर से भी महिलाओं को बेहोश होकर गिरते देखना और प्रशंसकों को एक दूसरे को कुचलकर भागते देखना दुखद था। स्टेडियम के भीतर कार्यक्रम एक घंटे तक चला और टीम साढ़े छह बजे वापिस लौट गई, लेकिन प्रशंसक स्टेडियम के पास ही रहे जिससे ट्राफिक जाम हो गया और अफरा तफरी फैलती रही। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवाकुमार ने कहा, 'भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए मुश्किल हो गया था जिससे हमें विक्ट्री परेड रोकना पड़ा।' इस पूरी घटना पर बीसीसीआई का बयान भी सामने आया। बीसीसीआई ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। वहीं, आरसीबी टीम प्रबंधन ने कहा कि क्रिकेटप्रेमियों की भावनाओं के साथ हमदर्दी रखनी चाहिए। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है।





## मातम में बदला आईपीएल चैंपियन आरसीबी की जीत का जश्न

**बंगलूरू :** चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ के बाद हर तरफ चीख पुकार मची थी। अपने खिलाड़ियों की झलक पाने पहुंचे प्रशंसक आयोजकों की ओर से किए बदहाल इंतजामों को कोस रहे थे। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि कैसे देखते ही देखते जश्न का माहौल मातम में बदल गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का आईपीएल चैंपियन बनने का सपना साकार होने के जश्न में पूरे कर्नाटक से क्रिकेट प्रेमी बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मंगलवार रात से ही जुटने लगे थे। बताया गया था कि सम्मान समारोह के बाद खुली बस में खिलाड़ियों की परेड निकलेगी, लेकिन कब यह अंतिम समय तक तय नहीं हुआ। आयोजकों ने परेड को लेकर फैसला अंतिम मिनट तक नहीं किया। प्रवेश के लिए पास





अनिवार्य थे, जबकि हजारों लोग बिना पास के पहुंच गए थे। पास चेक करने के लिए तो कुछ लोग तैनात थे, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने की कोई व्यवस्था नहीं थी। वहां जमा लोगों की भीड़ की मदद के लिए कोई नहीं था। लिंगराजपुरम से पहुंचे चश्मदीद इनायत ने बताया कि जब वे गेट नंबर 3 पर पहुंचे तो वहां तिल रखने की भी जगह नहीं थी। लोग बिना पास के अंदर जाने के लिए कतारों में खड़े थे। तभी गेट हल्का सा खुला और बाहर खड़ी भीड़ ने अंदर घुसने की कोशिश की। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तीन लड़कियों ने अंदर जाने के लिए जैसे ही दरवाजे को धक्का मारा तो वह खुल गया। पीछे से भीड़ ने उन्हें गिराया और उनको कुचलते हुए अंदर घुसने लगी। कई लोग एक के बाद एक गिरते रहे और उनकी चीख पुकार से स्टेडियम के बाहर का हिस्सा गूंज गया। कनूर से 14 वर्षीय देव्यामशी अपनी मां, छोटी बहन और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आरसीबी की जीत का जश्न मनाने आई थी। भगदड़ के बाद उसका शव बॉरिंग अस्पताल में रखा था। अस्पताल के बाहर बदहवास उसकी दादी ने दर्द बयां करते हुए कहा कि वहां बहुत सारे लोग थे, एक दूसरे पर चढ़कर अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे, धक्का-मुक्की कर रही भीड़ को कुछ नहीं हुआ लेकिन मैंने पोती को खो दिया। गेट नंबर 1 पर जमा भीड़ में कहीं से आवाज आई कि विराट कोहली इधर से ही आएगा।

### इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड लीग: अमेरिकिन स्ट्राइकर्स को हराकर ट्रांस टाइटंस फाइनल में पहुंची




**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड लीग के पहले सेमीफाइनल मैच में ट्रांस टाइटंस ने अमेरिकन स्ट्राइकर्स के खिलाफ 7 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ट्रांस टाइटंस ने फाइनल में जगह पक्की कर ली। अमेरिकन स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी टाइटंस के खिलाड़ी शुरू से ही हावी नजर आए और निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान 239 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। टाइटंस के कप्तान ऋषि धवन ने शानदार खेल दिखाते हुए 40 गेंदों पर ताबड़तोड़ 90 रन बनाए।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत पर आरसीबी ने जताया शोक

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के स्वागत समारोह से पहले बड़ा हादसा हो गया। बुधवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ के चलते मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरसीबी फ्रेंचाइजी ने एक बयान जारी कर दुख जताया। "आरसीबी इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करती है और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करती है। मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं, उनसे हम अत्यंत व्यथित हैं। हम सभी की सुरक्षा और



भलाई को सर्वोपरि मानते हैं।"

**टीम के स्वागत के लिए जुटी थी हजारों की भीड़:** आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब के जश्न के तहत एक ओपन बस परेड और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इसी को लेकर स्टेडियम के बाहर हजारों प्रशंसक एकत्र हुए थे। लेकिन भीड़ पर काबू न पाने के कारण भगदड़ मच गई।

**मुख्यमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा:** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भगदड़ में 11 लोगों की जान गई है और 33 लोग घायल हैं। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

**कार्यक्रम में किए गए बदलाव:** आरसीबी फ्रेंचाइजी ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस हादसे की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत कार्यक्रम को छोटा कर दिया और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन किया। बयान में आगे कहा गया, "स्थिति की जानकारी मिलते ही हमने कार्यक्रम में तत्काल बदलाव किए और प्रशासन के मार्गदर्शन का पूरी तरह पालन किया।"

## इंडोनेशिया ओपन 2025: पी.वी. सिंधु प्री-क्वार्टर फाइनल में हारीं, ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी भी बाहर

**जकार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु का इंडोनेशिया ओपन 2025 में सफर गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के हाथों हार के साथ समाप्त हो गया। सिंधु ने मैच की अच्छी शुरूआत की और पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए गेम 21-18 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में चोचुवोंग ने आक्रामक खेल दिखाया और 10 अंकों की बढ़त बनाते हुए गेम 21-10 से जीत लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी लंबे समय तक बराबरी पर रहीं, लेकिन आखिरी क्षणों में चोचुवोंग ने बढ़त बनाते हुए गेम 21-18 से जीतकर मैच अपने नाम किया। महिला युगल मुकाबले में भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो के खिलाफ 13-21, 22-24 से हारकर टूनामेंट से बाहर हो गई।

क्योंकि पुरुष युगल वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी आज बाद में अपने मुकाबले में उतरेगी।

## हेले मैथ्यूज की चोट से वेस्टइंडीज को झटका, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलना संदिग्ध

**लंदन।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज के इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच में खेलने पर संशय बना हुआ है। उन्हें पहले वनडे के दौरान डर्बी में फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी, जिसके चलते वे दूसरे मुकाबले से बाहर रहीं। अब उनकी यह चोट गंभीर हो गई है और वे गुरुवार को लंदन में विशेषज्ञ से परामर्श लेंगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम के कोच शेन डिट्ज ने दूसरे वनडे में 143 रन की हार के बाद कहा, "वह गुरुवार सुबह लंदन जा रही हैं, उम्मीद है कि हमें अच्छी खबर मिले।" इंग्लैंड महिला टीम ने पहला वनडे 108 रन से जीतने के बाद अब तीसरे वनडे में जीत के साथ दौरे पर टी20 और वनडे दोनों सीरीज को क्लीन स्वीप करने का मौका बना लिया है। इंग्लैंड ने टी20 सीरीज पहले ही 3-0 से अपने नाम कर ली है। हेले मैथ्यूज ने टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द सीरीज बनी थीं। उन्होंने 177 रन बनाए, जिसमें 137.20 की स्ट्राइक रेट और 88.50 की औसत रही। कैंटरबरी में उन्होंने नाबाद शतक जड़ा, जबकि चेल्म्सफोर्ड में 71 रन बनाने के साथ-साथ 3 विकेट भी लिए। पहले वनडे में मैथ्यूज के साथ 91 रन की साझेदारी करने



वाली ओपनर कियाना जोसेफ भी दूसरे मैच में बीमार होने के कारण नहीं खेल सकीं। कोच डिट्ज ने उनके तीसरे मैच में खेलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, "वह बस में बहुत बीमार लग रही थीं, इसलिए उन्हें आराम के लिए वापस भेज दिया।

उम्मीद है कि दो दिन में ठीक हो जाएंगी।" दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज की ओर से 20 वर्षीय रीयलीना ग्रिमंड ने डेब्यू पर 53 रन की पारी खेली। वे दोनों ओपनर्स की गैरमौजूदगी में जायडा जेम्स के साथ पारी की शुरूआत करने उतरीं। डिट्ज ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, "उन्होंने यह दिखा दिया कि वे इस स्तर पर खेलने की काबिलियत रखती हैं। अगर उन्होंने मेहनत जारी रखी तो एक लंबा और सफल करियर उनका इंतजार कर रहा है।" इसके अलावा जनीलिया ग्लासगो ने भी अपनी सिर्फ पांचवीं वनडे पारी में 24 गेंदों में 44 रन ठोंककर प्रभावित किया। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर से एमी जोन्स और टैमी ब्यूमोंट ने लगातार दूसरे वनडे में शतकीय पारियां खेलीं। डर्बी में 222 रन की साझेदारी के बाद, लीसेस्टर में दोनों ने 202 रन जोड़े। जोन्स ने 98 गेंदों में 129 रन बनाए, जबकि ब्यूमोंट ने ठंड के बावजूद 109 गेंदों में 106 रन की पारी खेली।

ब्यूमोंट ने जोन्स की तारीफ करते हुए कहा, "मैं उस पर गर्व करती हूं कि उसने अपने पहले शतक के बाद इस पारी को और बेहतर अंदाज में दोहराया। हम दोनों की बैटिंग स्टाइल अलग है, जिससे गेंदबाजों को चुनौती मिलती है।" इंग्लैंड ने 366 रन बनाए जो उनका अब तक का दूसरा सबसे बड़ा वनडे स्कोर है।

## गुकेश से हार पर कार्लसन के हाथ पटकने पर आया आनंद का बयान

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** नॉर्वे शतरंज में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश से हारने के बाद विश्व नंबर-एक मैग्नस कार्लसन ने मेज पर रखे चेस बोर्ड पर हाथ पटका था। किसी ने कार्लसन जैसे दिग्गज से इस तरह की प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं की थी। अब इस पर भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का बयान आया है। उन्होंने कहा कि गुकेश से हारने के बाद कार्लसन की उग्र प्रतिक्रिया शायद इसलिए थी क्योंकि उन्होंने देखा कि खेल में उनके वर्चस्व को किसी युवा खिलाड़ी द्वारा चुनौती दी जा रही है। आनंद ने कहा कि त्रक्रूए इस घटना पर बहुत जल्द चर्चा कर सकता है। नॉर्वे शतरंज








के छठे राउंड में गुकेश से हार से हताश कार्लसन ने मेज पर हाथ पटका था, जिससे मोहरें तितर बितर हो गईं। कार्लसन फिर 'ओह माय गॉड' चिल्लाते हुए उस हॉल से निकल गए। उनकी यह प्रतिक्रिया देखकर पूरी दुनिया हैरान थी। कार्लसन इसी टूर्नामेंट में गुकेश से एक बार भिड़ चुके थे, जिसमें नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी ने जीत हासिल की थी, लेकिन दूसरे में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। आनंद आमतौर पर अपने शांत व्यवहार और सज्जनतापूर्ण शैली के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, इस मामले पर वह प्रतिक्रिया देने से नहीं कतराए। आनंद ने कहा कि 34 वर्षीय कार्लसन गुकेश के खिलाफ जीतकर 'रेत में कुछ रेखा खींचना' चाहते थे। वह दिखाना चाहते थे कि इस खेल में उनका वर्चस्व जो कोई और खिलाड़ी नहीं बना सकता। आनंद ने कहा, 'गुकेश को हराना कार्लसन के लिए बहुत मायने रखता था। भले ही अन्य सभी खेलों में उनकी हालत उतनी अच्छी नहीं हो, लेकिन क्लासिकल चेस में मुझे लगता है कि वह कुछ साबित करना चाहते थे। वह युवा खिलाड़ियों को दिखाना चाहते थे कि अभी भी वही इस खेल के शहंशाह हैं। उनकी प्रतिक्रिया सबकुछ बताती है। मुझे लगता है कि गुकेश के खिलाफ एक और जीत से वह बहुत खुश होते।' आनंद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष हैं और प्रसारण प्रतिबद्धताओं के लिए नॉर्वे में ही हैं। उन्होंने कहा कि यह तथ्य कि वह जीतने की स्थिति से हार गए, शायद इस वजह से उनकी निराशा और हताशा और बढ़ गई। आनंद ने कहा, 'दुनिया के किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ, वह इतनी अच्छी स्थिति में आकर हारना पसंद नहीं करते। जब मैंने तीन साल पहले 2022 में नॉर्वे में मैग्नस के खिलाफ अपने खेल में कुछ गलतियां की थीं और हार गया था।'

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर आज पुष्पवर्षा होती है : योगी

- मुख्यमंत्री ने अयोध्या में सरयू महोत्सव और नगर निगम के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को किया संबोधित, पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ
- सभी सनातन धर्मावलम्बियों को दी गंगा दशहरा की शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा दशहरा, सरयू महोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं, साथ ही अयोध्या के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं, श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था, मगर आज श्रद्धालुओं पर



पुष्पवर्षा होती है और उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने 'अतिथि देवो भवः' की नई परिभाषा गढ़ रही है।

**सीएम योगी ने की अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा**
मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने गुरुवार को मंदिर में हुए श्रीरामदरबार सहित 7 अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सभी लगाएं 'एक पेड़ मां के नाम'

**विश्व** पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान शुरू किया है। अगर हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम पर लगाए, तो पर्यावरण संकट कभी नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि सुबह लखनऊ में अपने आवास पर बेल और उसके बाद अयोध्या में सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पेड़ लगाए गए हैं। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश वन विभाग के आगामी अभियानों की जानकारी दी।

### सीएम ने की अयोध्या नगर निगम की प्रशंसा


**मुख्यमंत्री** ने अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सभी पार्षदों और अधिकारियों को दो वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में नगर निगम शानदार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर 30 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और 33 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि पहले यहां बिजली, पानी और साफ-सफाई की कमी थी, लेकिन आज अयोध्या स्वच्छ और सुंदर नगरी बन चुकी है। उन्होंने नगर निगम की तीन महिला सफाईकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में लाखों श्रद्धालु आते थे, लेकिन पिछले वर्ष 16 करोड़ श्रद्धालु आए। यह नगर निगम के बेहतर प्रबंधन का परिणाम है।

### साकार हो रहा महर्षि वाल्मीकि का सपना

**मुख्यमंत्री** ने अयोध्या के विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब अपना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है, जहां सरयू का जल अब स्वच्छ रहता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप आज साकार हो रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या में मां जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर वाटिकाएं विकसित की जाएं। उन्होंने अयोध्या वासियों से जिला प्रशासन के साथ मिलकर किसी नदी को पुनर्जनन का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने से संबंधित एक स्मारिका का भी विमोचन किया।

# अस्पतालों में पर्ची बनाने के 10 रुपये शुल्क का सुझाव अस्पतालों से आया

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी पर्ची के लिए 10 रुपये शुल्क वसूली के फैसले को लेकर उठे सवालों के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि यह निर्णय सरकार की ओर से थोपा नहीं गया है बल्कि यह सुझाव खुद अस्पतालों की रोगी कल्याण समितियों से आया था। उन्होंने कहा कि यह फैसला कैबिनेट की उप-समिति की सिफारिश पर लिया गया, लेकिन इसका अंतिम अधिकार संबंधित अस्पतालों की रोगी कल्याण समितियों को दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से इस संबंध में कोई अनिवार्य निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। हमने अस्पतालों को अटोनॉमस (स्वायत्त) कर दिया है। यदि कोई अस्पताल चाहता है कि वह अपनी सफाई व्यवस्था और रख-रखाव को बेहतर बनाए तो वह पर्ची शुल्क वसूल सकता है। अगर किसी अस्पताल के पास पहले से संसाधन उपलब्ध हैं तो वे यह शुल्क नहीं भी ले सकते।



**स्पष्ट किया**

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से इस संबंध में कोई अनिवार्य निर्देश जारी नहीं किए गए हैं

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय रोगी कल्याण समितियों के विवेक पर छोड़ा गया है जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सरकार ने केवल एक साझा सुझाव के तौर पर यह राय दी है कि अस्पताल अपनी जरूरतों के अनुसार यूजर चार्ज लगा सकते हैं या नहीं इससे

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को होना होगा सचेत: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है और गंगा दशहरा भी आज है। दोनों भारतीय संस्कृति के लिए विशेष महत्व रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के साथ जोड़ा है। राज्य सरकार आज से इस अभियान की शुरूआत कर रही है। हमारी संस्कृति में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के बराबर माना है। परंपरागत रूप से कहा जाता है कि एक बावड़ी 10 कुओं के बराबर, 10 बाबड़ी एक तालाब के बराबर, 10 तालाब एक पुत्र के बराबर है और 100 पुत्र एक वृक्ष के समान है। पुत्रों की तुलना वृक्ष के साथ करना, प्रकृति की महत्ता को दर्शाता है। अगर प्रकृति संरक्षित रहेगी तो हमें अपने आप फलने-फूलने का अवसर मिलता रहेगा। वर्तमान दौर में भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान को पुनर्स्थापित करने का समय है। आज रिसाइकिलिंग और री-यूज की चर्चा की जाती है, न्यूनतम संसाधनों से बेहतर जीवनशैली की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगली पीढ़ी को बेहतर धरती और वातावरण सौंपने के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को



### मुख्यमंत्री ने की वन-टू-वन चर्चा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट में वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए खुले दिल से आमंत्रित किया और राज्य की अनुकूल निवेश नीतियों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। सभी निवेशकों ने मध्य प्रदेश की निवेश अनुकूल और प्रगतिशील नीतियों की सराहना की और प्रदेश में निवेश के लिए संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अरबिंदो हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी, लीजर होटल्स ग्रुप के डायरेक्टर इवेंट के डायरेक्टर त्रिलोचन चावला और एमडी हितेश्वर सिंह सिसौदिया ने वन-टू-वन चर्चा की।

सचेत होना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन" है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना होगा। वायु की गुणवत्ता मे सुधार, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और जल संरक्षण के लिए व्यक्तिगत जवाबदेही और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना जरूरी है। राज्य सरकार पर्यावरण अनुकूल उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीएम ने जन्मदिन पर भगवान श्रीराम के दरबार में लगाई हाजिरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पवित्र नगरी अयोध्या पहुंचे। इस विशेष दिन पर उन्होंने श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और भगवान श्रीराम की आरती उतारी। मुख्यमंत्री का यह दौरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण रहा, जिसमें वे विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**दर्शन**

- रामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत, प्रथम तल पर निर्मित रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए

रामकथा हेलीपैड पर उतरने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हनुमानगढ़ी में पूजा के बाद वे श्रीरामलला मंदिर की ओर रवाना



हुए।

**श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से किया दर्शन-पूजन**
श्रीरामलला मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा की और उनकी आरती उतारी। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। मुख्यमंत्री ने भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं।

**राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सीएम**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ-साथ भगवान बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई।

## दिनदहाड़े मिठाई दुकानदार पर फायरिंग

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर में गुरुवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक मिठाई दुकानदार पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली दुकानदार को नहीं लगी लेकिन इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पांचू उर्फ अनिल नाम के एक मिठाई दुकानदार पर अज्ञात अपराधियों ने दुकान के अंदर घुसकर फायरिंग कर दी। दुकानदार इस हमले में बाल-बाल बच गया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है कि फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।




## गांजा के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के जितना थाना की पुलिस और एसएसबी के बरहरवा पोस्ट के जवानों ने संयुक्त करवाई करते हुए एक नेपाली तस्कर को 1.200 किलो ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ(गांजा) के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी के अधिकारियो ने गुरूवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी,कि बलुआ बॉडर होकर गांजा के तस्करी होने वाली है,जिसके बाद चौकसी बरती गई। इसी दौरान एक साइकिल सवार व्यक्ति को रोक कर जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से गांजा मिला। बरामद गांजा एक किलो दो सौ ग्राम है।

# धामी ने'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सीता अशोक का पौधा लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सीता अशोक का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता से भी आह्वान किया कि वे इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा करें। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक वृक्ष



**सहभागी बनें**

- धामी ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता से भी आह्वान किया कि वे इस पावन कार्य में सहभागी बनें

लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान पर वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल और मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी पौधारोपण किया।

**जल ही जीवन** — *विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान*

# राजस्थान को पानी में आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता- मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्रकृति का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हो रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत प्रदेशभर में जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि जन सहभागिता को बढ़ावा देते हुए वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान में ज्यादा से ज्यादा श्रमदान करें। परंपरागत जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाएं जिससे वर्षा जल का संचयन हो। मुख्यमंत्री शर्मा



गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर जयपुर के रामगढ़ में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत रामगढ़ बांध पर श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सब रामगढ़ बांध को एक बार फिर जल से परिपूर्ण करने के लिए श्रमदान करने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज हमारे द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूंद भविष्य में यहां पानी के बड़े भंडार में बदलकर प्रदेशवासियों के लिए अमृत का काम करेगी। उन्होंने इस अवसर पर जल संचयन एवं संरक्षण के कार्य करने के लिए पत्रिका समूह का आभार व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री ने लगाया सिंदूर का पौधा:** मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जमवारामगढ़ में सिंदूर का पौधा लगाया। इस दौरान वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने तुलसी का पौधा भेंट कर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। **मुख्यमंत्री ने कहा कि वृहद स्तर पर जनमानस को जोड़ते हुए जल** संग्रहण कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' शुरू किया गया है। यह अभियान प्रदेशवासियों का अपना अभियान है।